रोहतक
सोमवार 28 सितंबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 235
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 34.3°C
न्यून. 19.7°C

haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

7 32 साल के ग्रीव्स ने ठोका पहला वनडे शतक

खबर संक्षेप

भारत ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

तिरुवनंतपुरम। भारत ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम में वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 295 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 41.4 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ भारत ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत की जीत के हीरो विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल रहे। विराट कोहली ने नाबाद 139 रन की पारी खेली।

वांगचुक ने सरकार को 2 अक्टूबर की डेडलाइन दी

नई दिल्ली। लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर सोनम वांगचुक ने 2 अक्टूबर तक की डेडलाइन दी है। उन्होंने को दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस मामले में बहुत कम प्रगति हुई है। वांगचुक ने यह बात लेह में पिछले साल 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद एनएसए के तहत हिरासत में लिए जाने के एक साल पूरे होने पर कही। *एजेंसी*

एसी-टीवी, फ्रिज 1 अक्टूबर से 8% तक होंगे महंगे

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य सामान खरीदने का प्लान बना रहे ग्राहकों की जेब पर बोझ बढ़ने वाला है। एक अक्टूबर से कंपनियां एसी, एलईडी टीवी , वॉशिंग मशीन और फ्रिज जैसे प्रोडक्ट्स की कीमतों में 8% तक की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। इंटरनेशनल मार्केट में कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम और क्रूड ऑयल से जुड़े कच्चे माल की कीमतों में आई तेजी और करेंसी में उतार-चढ़ाव के कारण कंपनियों ने यह फैसला लिया है। साल 2026 में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की तरफ से यह कीमतों में तीसरी बढ़ोतरी होगी। *(विस्तृत पेज 4 पर)*

बैंक यूनियनों ने टाली तीन दिवसीय हड़ताल

नई दिल्ली। इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बीच रविवार रात हुई बैठक के बाद प्रस्तावित तीन दिवसीय बैंक हड़ताल टाल दी गई है। दोनों पक्षों के बीच बैंक सुधार, शनिवार की छुट्टी, स्केल-IV और उससे ऊपर के अधिकारियों की प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलई) योजना समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। शनिवार को छुट्टी घोषित करने के मुद्दे पर आईबीए और यूएफबीयू की एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जाएगी। *एजेंसी*

एशियन गेम्स 9वां दिन

07 पदक

सर्वेश समेत 4 की चांदी, 3 को कांस्य पदक

भारत के अब तक कुल 37 मेडल ▶▶ 4 गोल्ड, 16 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज जीते

एजेंसी ▶▶ नागोया (जापान)

भारत ने एशियन गेम्स में रविवार को 4 सिल्वर समेत 7 मेडल जीते। सर्वेश कुशारे ने पुरुषों के हाई जंप में सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने 2.25 मीटर की बेस्ट जंप की। पारुल चौधरी ने महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:08.67 के पर्सनल बेस्ट के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले एंसी सोजन ने महिला लॉन्ग जंप में 6.55 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर और तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में 7934 अंकों के साथ ब्रॉन्ज जीता। स्क्वॉश में अभय सिंह और अनाहत सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किए। हरिता भद्रा ने महिला 200 मीटर में 23.20 सेकेंड के साथ ब्रॉन्ज जीता। 9वें दिन भारत ने 7 मेडल जीते। इसके साथ भारत के कुल 37 मेडल हो गए हैं। इनमें 4 गोल्ड, 16 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज शामिल हैं। लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर और डेविड सोलोमन ने एथलेटिक्स के मेंस लॉन्ग जम्प इवेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। वहीं, पीवी सिंधु बैडमिंटन के विमेंस सिंगल्स का क्वार्टर फाइनल हार गई हैं। उन्हें चीन की चेन यूफेई ने 11-21, 21-18, 21-10 से हराया। भारतीय महिला टीम ने 4x100 मीटर रिले के दूसरे हीट के फाइनल में पहुंच गई है। एंकर लेग में अभिनया राजराजन ने फिनिशिंग लाइन के ठीक पास जापान को पीछे छोड़ दिया। भारतीय टीम ने 43.65 सेकेंड के इस सीजन का अपना बेस्ट प्रदर्शन किया।

(खेल पेज भी देखें)

अनाहत (रजत) | अभय (रजत) | सर्वेश (रजत) | एंसी (रजत) | तेजस्विन (कांस्य) | पारूल (कांस्य) | हरिता (कांस्य)

बॉक्सिंग में हरियाणा के तीन पदक पक्के

रोहतक (हरिभूमि न्यूज)। एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल के लिए रविवार का दिन बेहद शानदार रहा। देश के तीन मुक्केबाज हिसार के अंकुश पंघाल, नरेंद्र बेरवाल और रोहतक की परवीन हुड्डा ने अपने-अपने भार वर्ग के सेमीफाइनल में शानदार अंदाज में प्रवेश किया। इसके साथ ही हरियाणा के तीन पदक पक्के हो गए हैं। पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अंकुश पंघाल ने ताजिकिस्तान के नेकरूज सालिमोव 5-0 के हराकर मैच जीता।

पंघाल, बेरवाल और परवीन सेमीफाइनल में पहुंचे

महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में परवीन हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता नवबखोर खामिदोवा को 5-0 से करारी शिकस्त दी। पुरुषों के +92 किलोग्राम सुपर हेवीवेट वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नरेंद्र बेरवाल ने थाईलैंड के मुक्केबाज अदथापोंग सेंगतेप को पहले ही राउंड में चित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। *(खेल पेज भी देखें)*

अंबाला में निर्माणाधीन मकान का लेंटर गिरा, पांच मजदूरों की मौत

30 के दबने की आशंका, 10 घायल, 25-30 मजदूर कर रहे थे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के धूलकोट गांव में रविवार दोपहर को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन भवन की छत का लेंटर डालते समय अचानक पूरी इमारत भरभराकर नीचे गिर गई। हादसे के समय मौके पर कई मजदूर काम कर रहे थे। उनके मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे में पांच मजदूरों की मौत होने की बात कही जा रही है। अभी मरने वाले किसी भी मजदूर की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के तुरंत बाद आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया। तुरंत पुलिस व डायल 112 को सूचना दी। घायलों ने बताया कि इमारत में कम से 25-30 श्रमिक काम कर रहे थे। मलबे में दबे 13 मजदूरों को बाहर निकालकर अंबाला शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

हादसे के बाद मचा कोहराम

भारी पुलिस बल के साथ कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, 13 मजदूर अस्पताल में उपचाराधीन

जेसीबी के जरिए मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम जारी है।

मलबा हटाने का कार्य जारी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल और प्रशासन के उच्च अधिकारी भी में राहत व बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है ताकि अंदर फंसे अन्य लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि उनकी प्राथमिकता मलबे में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना और घायलों को त्वरित डॉक्टरी सहायता प्रदान करना है। हादसे के कारणों की जांच राहत कार्य पूरा होने के बाद की जाएगी।

ठीक ढंग से नहीं हुई शटरिंग

बिहार के रहने वाले रामचंद्र ने बताया कि वह भी ढही बिल्डिंग में काम करता था। दो दिन पहले लेंटर डालने के लिए शटरिंग की गई थी। मिस्त्री ने शटरिंग ठीक तरीके से नहीं की थी। इसलिए उसने यहां से काम छोड़ दिया था। शटरिंग गिरने से मजदूर नीचे दब गए। सुपरवाइजर मलकीत, मिस्त्री राम, राजेंद्र और अजय भी मलबे में दब गए। रामचंद्र के अनुसार मलकीत की देखरेख में यहां काम होता था।

पंजाब : एलपीयू में छात्रा से दुष्कर्म का दावा, बवाल

प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, गाड़ियां फूंकी, तोड़फोड़, पुलिस का लाठीचार्ज

» *गुस्साए स्टूडेंट्स ने कैंपस में आग लगाई, एंट्री गेट को तोड़ने की भी कोशिश की*

» *दिल्ली-अमृतसर हाइवे किया जाम, पुलिस ने मामला बढ़ता देख एफआईआर की*

एजेंसी ▶▶ फगवाड़ा

पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में रविवार शाम को पुलिस और छात्रों में टकराव हो गया। पुलिस छात्रों से बातचीत कर रही थी, तभी पुलिस पर बोतलें फेंकी गईं। पुलिस ने शाम करीब साढ़े 7 बजे छात्रों पर लाठीचार्ज किया। जवाब में छात्रों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस की 3 गाड़ियों में आग लगा दी गई। इसके बाद भी जब छात्र नहीं रुके, तो पुलिस ने रात करीब 9 बजे छात्रों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। हंगामा शनिवार रात को शुरू हुआ। छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी की एक छात्रा से दुष्कर्म हुआ, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। सोशल मीडिया पर यह मैसेज शनिवार रात वायरल होने के बाद हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए। छात्रों ने कैंपस में तोड़फोड़ की और एक हिस्से में आग लगा दी। इसके बाद सुबह 7 बजे दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाइवे पर धरना देकर ट्रैफिक जाम कर दिया। मामला बढ़ता देख अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज की।

ऐसे शुरू हुआ बवाल

- शनिवार रात सोशल मीडिया पर एक संदिग्ध मैसेज तेजी से फैला। दावा किया गया कि किसी बाहरी व्यक्ति ने गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया है। मैसेज वायरल होते ही छात्रों का गुस्सा भड़क गया। वे हॉस्टल के बाहर जमा होने लगे।
- छात्रों ने सुरक्षाकर्मियों और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों का आरोप था कि कैंपस में सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। बाहरी लोग अंदर आ जाते हैं। गुस्साए छात्रों ने कैंपस की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया और एक जगह आग लगा दी।
- इसके बाद प्रदर्शनकारी छात्र यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट की ओर बढ़े और वहां तोड़फोड़ की। मुख्य गेट से बाहर निकलकर छात्रों ने चंडीगढ़-अमृतसर नेशनल हाइवे पर धरना दे दिया। इससे हाइवे गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं।

पुलिस बोली- एसआईटी गठित की

डीआईजी नवीन सिंगला ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने के अलावा जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है, जिसमें 5 सदस्य स्टूडेंट्स हैं। इसके बावजूद स्टूडेंट्स धरना दे रहे हैं। इस बीच यूनिवर्सिटी ने सारे एंट्री गेट बंद कर दिए। इस पर स्टूडेंट्स भड़क गए। उन्होंने एंट्री गेट तोड़ दिया। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दुष्कर्म के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उसने स्टूडेंट्स से अपील की है कि वे अफवाह पर ध्यान न दें।

घर-पुल बहे, हाइवे बंद

नेपाल में फिर से बाढ़ लैंडस्लाइड, 6 की मौत

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल में लगातार बारिश के बीच बाढ़ और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। बागलुंग जिले में भूस्खलन से एक घर मलबे में दब गया। हादसे में एक महिला और उसके तीन बेटों की मौत हो गई। पाल्पा जिले में 2 लोग मारे गए हैं। वहीं, बाढ़ और भूस्खलन से कई घर और पुल बह गए हैं। कई जगह हाइवे बंद होने से आवाजाही प्रभावित हुई है। बुटवल में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 1,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ में 1453 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5500 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।

- एक महीने पहले आई बाढ़ में हुई 1453 मौतें

नीट पेपर लीक के बाद बदलाव

एनटीए ऑफिस की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीट यूजी पेपर लीक और परीक्षा में हुई प्रशासनिक लापरवाही को लेकर विवाद के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने अपना काम नए ऑफिस में ट्रांसफर कर दिया है। अब इस परिसर की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) करेगा। खासतौर पर ऑफिस के गोपनीय और संवेदनशील क्षेत्रों में आने-जाने और कामकाज पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मिंटो रोड स्थित भारत सरकार प्रेस भवन में एनटीए को 55,000 वर्ग फुट से अधिक जगह दी गई है। इमारत की पांचवीं मंजिल और चौथी व छठी मंजिल के कुछ हिस्से एनटीए को मिले हैं।

- संवेदनशील क्षेत्रों में होगी कड़ी निगरानी

पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में आंधी-बारिश से तबाही

नई दिल्ली। उत्तराखंड में पिछले 24 घंटे से भारी बारिश हो रही है। ऋषिकेश में गंगा वॉर्निंग लेवल के पार पहुंच गई है और घाटों पर जाने पर रोक लगा दी गई है। वहीं, रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड हुई है। इससे करीब 4 हजार श्रद्धालु फंस गए हैं। खराब मौसम को देखते हुए आज केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी गई और हेली सेवाएं भी बंद हैं। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। पूह के कुन्नू और छितकुल में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।

- ▶▶ केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड, 4000 यात्री फंसे
- ▶▶ यूपी में 70 घंटे से आंधी-बारिश, बिहार में 500 घर डूबे
- ▶▶ छत्तीसगढ़ में नदी में बह आईं शराब की बोतलें

यूपी के 22 जिलों में बाढ़ का खतरा

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नारी गांव में महानदी किनारे के शराब दुकान में बाढ़ का पानी घुसने से शराब की बोतलें नदी में बह गईं। इसकी जानकारी मिलते ही गांव वाले नदी किनारे बने ब्रिज पर पहुंच गए और मछली पकड़ने वाले जाल से बोतलें निकालते नजर आए। यूपी के लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और जौनपुर समेत 45 शहरों में 70 घंटे से बारिश हो रही है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। 22 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा बना हुआ है। आंधी-बारिश की वजह से 2 दिनों में 62 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार में पिछले 72 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते गंडक और कोसी नदियां उफान पर हैं। इससे 17 जिलों के करीब 6 हजार गांव टापू बन गए हैं, जबकि करीब 500 घर बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। सुपौल के 50 गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

(पैकेज पेज-5 पर)

जर्मनी-जापान का विरोध किया

रूस का यूएन में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। हम ब्राजील और भारत की स्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। लावरोव ने सुरक्षा परिषद में पश्चिमी देशों की अतिरिक्त सीटों का विरोध किया। उन्होंने खासतौर पर जर्मनी और जापान का नाम लेते हुए उन पर 'सैन्यवाद और बदले की भावना की ओर बढ़ने का आरोप लगाया। लावरोव ने साथ ही कहा कि यूएनएससी में सुधार के दौरान मौजूदा स्थायी सदस्यों के अधिकारों और शक्तियों में कमी नहीं होनी चाहिए।

सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य, भारत आठ बार अस्थायी सदस्य रहा

भारत छठी स्थायी सीट का मजबूत दावेदार

दुनिया की 17% आबादी भारत में रहती है। 142 करोड़ जनसंख्या के साथ भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। यूएनएससी में इतनी बड़ी आबादी का रिप्रेजेंटेशन होना जरूरी है। पिछले एक दशक में भारत की औसतन सालाना विकास दर 7% से ज्यादा रही है। यह चीन के बाद किसी भी दूसरे बड़े देश की तुलना में सबसे ज्यादा है। इस आर्थिक ताकत को यूएनएससी में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत परमाणु शक्ति संपन्न है, लेकिन वो इसका दिखावा नहीं करता। अगर भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है तो परमाणु निरस्त्रीकरण प्रोग्राम में वह अहम भूमिका निभा सकता है।

जाने-माने शिक्षाविद् ने हरिभूमि के साथ साझा किए विचार

ज्ञान, विज्ञान, आधुनिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति का अनूठा संगम है भारतीय शिक्षा बोर्ड : डॉ. एनपी सिंह

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

क्या आपको यूपीएससी की परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों ने इस बार हैरान किया था? क्यों ? क्यों कि सवाल भारतीयता से, भारतीय संस्कृति और उसके पुरातन विविधताओं से था? अगर हां तो तय मानिये देश के सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का मूलस्तर एक दशक में बदला बदला सा नजर आएगा। हर प्रतियोगी परीक्षाओं में देश के गर्वित इतिहास से सवाल होंगे। जैसे-जैसे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तेजी से लागू किया जा रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में 'भारतीय शिक्षा बोर्ड' एक सशक्त और वैकल्पिक राष्ट्रीय बोर्ड के रूप में तेजी से उभर रहा है। ज्ञान, विज्ञान और गणित के नये पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी फिजिक्स और मैथ्स के नामचीन प्रोफेसर एसी वर्मा और प्रोफेसर हुकुम सिंह को दिया गया है, जो रुचिकर ढंग से नये पाठ्यक्रम को बुन रहे हैं। बच्चों को, नौनिहालों को इसी बदली शिक्षा व्यवस्था से रूबरू कराने, उन्हें अपेक्षाकृत ज्यादा रोजगारपरक बनाने, किन्हीं वजहों से पढाई रुक गई फिर भी स्वावलंबी बनने की दिशा तय करने के लिए स्कूली शिक्षा की मजबूत नींव डालने सीबीएसई, आईसीएसई, या अन्य राजकीय शिक्षा बोर्डों से इतर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन कर समूची स्कूली शिक्षा व्यवथा को नये सिरे से गढने के काम में लगे भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष, जाने-माने शिक्षाविद् तथा पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. एन.पी. सिंह ने बोर्ड के विजन, उद्देश्यों और इसकी कार्यप्रणाली पर हरिभूमि के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि देश की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में बदलाव की क्यों आवश्यकता है और किस प्रकार भारतीय शिक्षा बोर्ड पारंपरिक

औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति और भारतीय ज्ञान प्रणाली

एक सवाल के जवाब में डॉ. एन.पी. सिंह ने स्पष्ट किया कि 1835 के शिक्षा अधिनियम और औपनिवेशिक (मैकाले) प्रभाव के कारण भारत की मूल ज्ञान परंपराओं गणित, जीवन विज्ञान, दर्शनशास्त्र और अन्य क्षेत्रों को पाठ्यक्रम में केवल एक फुटनोट (हाशिए) की तरह रख दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप, सदियों से चली आ रही भारतीय शिक्षा व्यवस्था सिर्फ नौकरी चाहने वाले लोग तैयार करने तक सीमित होकर रह गई। जब कि भारतीय शिक्षा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य ऐसे ग्लोबल सिटीजन (वैश्विक नागरिक) तैयार करना है जो अपनी भारतीय जड़ों, संस्कृति और मूल्यों से मजबूती से जुड़े हों तथा आधुनिक दुनिया में पूरे आत्मविश्वास के साथ मुकाबला कर सकें।

▶▶ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

फरीदाबाद में तीन साल की बच्ची 200 फीट गहरे बोरवेल में गिरी

फरीदाबाद । शहर में तीन साल की बच्ची 200 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई। घटना सीही गांव में रविवार शाम करीब 7 बजे हुई। बच्ची बोरवेल के पास खड़े एक ट्रैक्टर पर चढ़कर खेल रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। बताया जा रहा है कि बोरवेल नगर निगम का था। हादसे की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। अंधेरा अधिक होने की वजह से बोरवेल के आसपास लाइटें लगाई गई हैं। टीम ने बोरवेल के अंदर एक कैमरा भी डाला है। वीडियो में अंदर कुछ पड़े पत्थर दिखाई दे रहे हैं। बच्ची के रोने की भी आवाज सुनाई दी।बच्ची के पिता रामदीन का कहना है कि बोरवेल करीब 15 साल से बंद था। कुछ दिन पहले उसका ढक्कन हट गया था। घटना के दौरान वह काम पर गए थे। गांव के लोगों ने बेटी के बोरवेल में गिरने की सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक बचाव अभियान चल रहा था।

ऑटो और कार की टक्कर में पांच घायल

सोनीपत। ककरोई मोड पर बैयांपुर गांव के पास एक ऑटो और एक कार की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। पांचों एक ही परिवार के हैं, जोकि ऑटो में सवार थे। वहीं वारदात के बाद से आरोपित कार चालक फरार है। जानकारी अनुसार विकास निवासी महावीर कालोनी, खरखौदा अपने भाई के घर जाने के लिये परिवार सहित घर से शनिवार शाम को सोनीपत के लिये निकला था। अभी वह गांव बैयापुर में ककरोई मोड़ के नजदीक पहुंचा था कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी ऑटो को टक्कर मार दी। जिसकी वजह से ऑटो में सवार उसकी मां शीला, पत्नी मीनू, बेटा मितांश, भाई के बेटे देव व रिहान सहित वह खुद भी घायल हो गया। परिजन उन्हें सरकारी हस्पताल ले गए। वहां से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर वारदात के उपरांत गाड़ी चालक मौके से फरार है।

ब्लैक फिल्म लगी कार पर 10 हजार चालान

पंचकूला। शहर में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और नियमों के अनुरूप बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान टीम ने ब्लैक फिल्म लगी एक कार को रोककर 10 हजार रुपये का चालान किया। पुलिस टीम ने मौके पर ही वाहन से ब्लैक फिल्म भी उतरवाई। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन ने कहा कि हमारी टीमों द्वारा ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और मौके पर ही ब्लैक फिल्म उतरवाई जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और वाहनों पर ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल न करें।

चुनाव आयोग पर सवाल उठाने से पहले विपक्ष ठोस तथ्य और प्रमाण सामने रखे : मुख्यमंत्री

राजनीतिक मतभेद अपनी जगह, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा सर्वोपरि : नायब सैनी

चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पूरे देश तथा लोकतंत्र की पूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज जरूरत आरोपों की राजनीति की नहीं, बल्कि तथ्यों की राजनीति की है। विपक्ष को सरकार का विरोध करने, सवाल पूछने और जवाब मांगने का पूरा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाने से पहले ठोस तथ्य और प्रमाण सामने रखे जाने चाहिए। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) किसी सरकार या राजनीतिक दल की संस्थाएं नहीं हैं। इनकी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पूरे देश तथा लोकतंत्र की पूंजी है। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन बिना प्रमाण के गंभीर आरोप लगाना उचित नहीं है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है और राजनीतिक दलों के कार्यों तथा उनके व्यवहार का आकलन भी जनता करती है।

एसआईआर को लेकर प्रक्रिया और स्थिति स्पष्ट

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग ने अपनी प्रक्रिया और निर्णयों के संबंध में स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्ध और पारदर्शी होना, हर पात्र नागरिक को मताधिकार मिलना तथा चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर के दौरान बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं की सहायता और दस्तावेज एकत्र करने की व्यवस्था की गई है। चुनाव आयोग ने 26 सितंबर को भी एसआईआर में अनमैप्ड और तार्किक विसंगतियों वाले मामलों में बीएलओ को घर जाकर दस्तावेज लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में जीत-हार लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी परिणाम के अपने पक्ष में नहीं आने पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना उचित नहीं है।

सिंहल के जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हिस्सा लिया

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अशोक सिंहल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी प्रतिभा, अपना समय और अपना संपूर्ण जीवन भारत की सांस्कृतिक चेतना को जगाने के लिए समर्पित कर दिया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में भी उन्होंने व्यापक जनसंपर्क और संगठन के माध्यम से इस आंदोलन को देश के अनेक भागों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने ये बातें रविवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित अशोक सिंहल के जन्म शताब्दी वर्ष के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में अशोक सिंहल पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

सेवा संकल्प सेवा यात्रा का किया स्वागत

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न कभी छुट्टी की चिंता की और न आराम को प्राथमिकता दी। उनके लिए 140 करोड़ देशवासी ही परिवार हैं। गरीब की पीड़ा, किसान की चिंता और युवा का सपना उनका अपना है। माताओं-बहनों का सम्मान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जबकि सीमा पर खड़े सैनिक का साहस उनका संकल्प है। मुख्यमंत्री रविवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा यात्रा (मोटरसाइकिल यात्रा) के स्वागत को लेकर महेंद्रगढ़ के गांव गोद में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यात्रा का स्वागत किया और कार्यक्रम के बाद हरी झंडी दिखाकर उसे आगे गंतव्य के लिए रवाना किया।

लुधियाना में बाबा बागेश्वर की हनुमान कथा में मुख्यमंत्री ने लिया हिस्सा

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को लुधियाना में आयोजित बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी की हनुमान कथा में भाग लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने संकटमोचन हनुमान के चरणों में नमन करते हुए पंजाब की पावन धरती तथा गुरु साहिबान की महान परंपरा को भी श्रद्धापूर्वक प्रणाम किया।

सूरजकुंड नमो मैराथन को दिखाई हरी झंडी

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री ने रविवार को सूरजकुंड की ऐतिहासिक धरती से 'नशा-मुक्त हरियाणा फरीदाबाद नमो मैराथन-2026' को हरी झंडी दिखाते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैराथन में आगे बढ़ रहे ये कदम केवल सड़क पर दौड़ नहीं रहे, बल्कि नशे के खिलाफ प्रदेश की सामूहिक चेतना और संकल्प को आगे ले जा रहे हैं। 21.1 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रशांत चौधरी विजेता, विक्रम सिंह प्रथम रनर-अप तथा अनुज मीणा ने द्वितीय रनर-अप स्थान हासिल किया। वहीं 21.1 किलोमीटर महिला वर्ग में सोनिका विजेता रहीं, जबकि मानव राणा ने प्रथम रनर-अप और भूमिका ने द्वितीय रनर-अप स्थान प्राप्त किया।

नमो क्रिकेट लीग का शुभारंभ आज, कंवर ग्रेवाल देंगे प्रस्तुति

पंचकूला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को पंचकूला के सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम में नमो क्रिकेट लीग के अंतिम चरण का शुभारंभ करेंगे। 28 सितंबर से चार अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की 32 विजेता टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। उद्घाटन अवसर पर गायक कंवर ग्रेवाल प्रस्तुति देंगे। नमो क्रिकेट लीग के आयोजक सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट समिति के सदस्य संजीव सूद ने रविवार को पंचकूला में पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि लीग में 3400 टीमों और करीब 55 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जिला एवं जोनल स्तर के करीब 90 प्रतिशत मुकाबले पूरे हो चुके हैं। अब अंतिम चरण में 32 टीमें खिताब के लिए उतरेंगी।

■ 28 सितंबर से ताऊ देवी लाल स्टेडियम में 32 टीमें भिड़ेंगी

विजेता टीम को 21 लाख का पुरस्कार मिलेगा

उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21 लाख, उपविजेता को 11 लाख, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को पांच लाख और चौथे स्थान की टीम को 2.50 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्लेयर ऑफ द सीरीज को ईवी गाड़ी, मोटरसाइकिल और लैपटॉप सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के मुकाबलों का लाइव प्रसारण 14 ओटीटी चैनलों पर किया जाएगा। पंचकूला जिले की 92 टीमों में से बिल्ला गांव की टीम चैंपियन बनकर अंतिम 32 में पहुंची है। आयोजकों ने लीग को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू होने का भी दावा किया है। दोपहर दो से रात दो बजे तक होंगे मुकाबले ताऊ देवी लाल स्टेडियम में टेनिस बॉल से 10-10 ओवर के मुकाबले होंगे। मैच दोपहर दो बजे से देर रात दो बजे तक फ्लड लाइट में खेले जाएंगे। दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। स्टेडियम में डीजे और संगीत की भी व्यवस्था रहेगी।

हुड्डा भाजपा की बी टीम के मुखिया : अभय चौटाला

नूंह। पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 113वीं जयंती पर नूंह के गांव चंदेनी में रविवार को इंडियन नेशनल लोकदल ने सम्मान दिवस समारोह का आयोजन किया।

समारोह में मंच से संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने सबसे पहले कांग्रेस को निशाने पर लिया और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम का मुखिया करार देते हुए कहा कि हुड्डा ने 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से मिलीभगत कर उसे सत्ता में लाने का काम किया और दो बार राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर भाजपा को फायदा पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले से ही उद्योगपतियों के लिए काम करती है, फसल बीमा जैसी योजनाएं सिर्फ उद्योगपतियों के लिए हैं और यह सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। सम्मान समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

चुनाव आयोग के खिलाफ आज मार्च निकालेगी कांग्रेस

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर 28 सितंबर को प्रदेश के सभी 22 जिलों में विरोध मार्च निकालने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की ओर से जारी पत्र के अनुसार, सभी जिलों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को मार्च की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये मार्च संबंधित जिला कलेक्टर कार्यालयों तक निकाले जाएंगे। कांग्रेस की ओर से इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जाएगी। साथ ही उनके कार्यकाल में लिए गए चुनाव संबंधी फैसलों की व्यापक समीक्षा की मांग भी उठाई जाएगी। प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला इकाइयों को प्रदर्शन में प्रभावी और समन्वित भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र के अनुसार पलवल और गुरुग्राम में संजय दत्त व राव नरेंद्र सिंह, रोहतक में भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कैथल में रणदीप सिंह सुरजेवाला, अंबाला में दीपेंद्र सिंह हुड्डा, पंचकूला में चौधरी बीरेंद्र सिंह और पानीपत में धर्मपाल मलिक मार्च की अगुवाई करेंगे।

■ सभी जिलों में प्रदर्शन, नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी

मांगें नहीं मानी तो 12 अक्टूबर से हड़ताल पर जाएंगे हैफेड कर्मचारी

चंडीगढ़। हैफेड कर्मचारी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर 12 अक्टूबर से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। यूनियन की प्रदेश प्रधान गुरविंदर कौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में धान खरीद से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद हड़ताल का निर्णय लिया गया। यूनियन नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर हैफेड के एमडी आईएएस चंद्रशेखर खरे को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि धान खरीद शुरू होने से पहले ही करीब 30 प्रतिशत धान मंडियों में पहुंच चुका है। ऐसे में स्पष्ट ई-खरीद व्यवस्था के अभाव में धान की पहचान, खरीद और ऑनलाइन एंट्री को लेकर परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले सीजन में भी

■ धान खरीद से पहले यूनियन ने एमडी को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारियों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ा और कई कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की गई। यूनियन ने मांग की कि कर्मचारियों से जुड़े मामलों की तत्काल समीक्षा की जाए और नियमों के तहत जहां संभव हो, वहां कर्मचारियों को बहाल किया जाए।

युवाओं को रोजगार देना सरकार की जिम्मेदारी

चंडीगढ़। सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने हरियाणा में बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रिया में देरी और पद वापस लिए जाने को लेकर भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार में हरियाणा के पढ़े-लिखे युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। भर्ती की प्रतीक्षा में युवाओं की उम्र निकल रही है और अनेक युवा अपनी योग्यता से अलग काम करने को मजबूर हैं।सांसद ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी पद रिक्त होने के बावजूद नियमित भर्तियां नहीं की जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि दो लाख से अधिक सफाई कर्मचारियों के पद खाली पड़े हैं।

पेटेंट कराना होगा आसान, सरकार करेगी आर्थिक मदद

चंडीगढ़। हरियाणा में नया आविष्कार करने वालों के लिए पेटेंट कराना अब आसान होगा। पेटेंट की फीस से लेकर विशेषज्ञ सलाह और तकनीक को बाजार तक पहुंचाने तक के खर्च में सरकार मदद करेगी। उच्चतर शिक्षा विभाग ने हरियाणा पेटेंट सहायता, व्यावसायीकरण और नवाचार सुविधा नीति 2026-27 जारी की है। शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने बताया कि इसके तहत एक पेटेंट आवेदन पर अधिकतम 50 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। इसके लिए वित्त वर्ष 2026-27 में 11 करोड़ रुपये का बजट

प्रस्तावित है। पेटेंट दाखिल करने की फीस के लिए अधिकतम 10 हजार रुपये और कुछ मामलों में 15 हजार रुपये तक दिए जा सकेंगे। पेटेंट मंजूर होने पर 10 हजार रुपये तक प्रोत्साहन मिलेगा। पेटेंट की तकनीक को बाजार तक पहुंचाने की सलाह के लिए 20 हजार रुपये, नवीनीकरण के लिए पांच हजार और डिजाइन दाखिल करने के लिए पांच हजार रुपये तक सहायता का प्रावधान है। सभी मदों में कुल सहायता 50 हजार रुपये तक सीमित रहेगी और वास्तविक खर्च के आधार पर प्रतिपूर्ति होगी। सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थानों के छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता, स्टार्टअप, सूक्ष्म-लघु उद्योग, स्वतंत्र आविष्कारक, पूर्व विद्यार्थी, ग्रामीण नवोन्मेषक और महिला नवोन्मेषक योजना का लाभ ले सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य, कृषि, हरित तकनीक आदि से जुड़े नवाचारों को प्राथमिकता दी जा सकती है।

सुसाइड नोट से छह माह बाद खुला राज, चार पर केस दर्ज

■ किशोर की आत्महत्या मामले में मिला था सुसाइड नोट

पंचकूला। चांदी की चेन को लेकर हुए विवाद के बाद किशोर की आत्महत्या मामले में नया मोड़ आया है। छह महीने बाद सुसाइड नोट से खुले राज के बाद पुलिस ने चार युवकों को नामजद करते हुए आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, चंडीमंदिर थाना क्षे सात अप्रैल को किशोर के फंदा लगाकर जान दे दी थी। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम ने जांच की थी। कमरे से मिली डायरी में सुसाइड नोट था। किशोर ने परिवार को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार नहीं बताया था। इसके बाद चार युवकों के नाम लिखे थे। नोट में दो युवकों की ओर से धमकी देने और मोबाइल फोन अपने पास लेने का भी उल्लेख था। पुलिस जांच में सामने आया कि किशोर ने एक दोस्त से चांदी की चेन यह कहकर ली थी कि उसे पैसों की जरूरत है और बाद में चेन लौटा देगा। आरोप है कि पैसे वापस नहीं करने पर दोस्तों ने चेन या रकम लौटाने और मामले की जानकारी परिवार को देने की बात कही। इसके बाद किशोर ने मोबाइल फोन दोस्तों को दे दिया और कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली थी। पूछताछ में दोस्तों ने बताया था कि मोबाइल सेक्टर-27 स्थित हर्बल पार्क के पास फेंक दिया गया था। पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद कर लिया था। उस समय परिजनों ने किसी पर शक नहीं जताया था और कार्रवाई नहीं कराने के बयान दिए थे। सुसाइड नोट में नाम आने वाले युवकों से भी पूछताछ की गई थी। अब 19 सितंबर को किशारे के पिता ने दोबारा शिकायत देकर बेटे की मौत के कारणों की जांच और नामजद युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

गुरुग्राम-नूंह बिजली वितरण निजी हाथों में देने पर आज एचईआरसी में सुनवाई

हाईकोर्ट के आदेश पर आपत्तियां सुनीं जाएंगी, अतिरिक्त दस्तावेज भी होंगे जमा

निजीकरण के विरोध में कर्मचारी संगठन एकजुट

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

गुरुग्राम और नूंह की बिजली वितरण व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपने के प्रस्ताव को लेकर सोमवार को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) में आपत्तियां सुनी जाएंगी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद आयोग में आपत्तियां दर्ज कराने के साथ अतिरिक्त दस्तावेज भी जमा कराए जाएंगे। गुरुग्राम और नूंह में समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के प्रस्ताव का बिजली कर्मचारी और इंजीनियर संगठन पहले दिन से विरोध कर रहे हैं। इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से लाइसेंस के लिए किए गए प्रयासों को लेकर विभाग और कर्मचारी संगठनों के बीच खींचतान बढ़ गई है। हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। एसोसिएशन के महासचिव रविंद्र घनघस का कहना है कि कंपनी की ओर से पहले ही हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल की जा चुकी है। संगठनों का आरोप है कि प्रस्तावित कंपनी के पास बिजली वितरण का पर्याप्त अनुभव नहीं है। वहीं, सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

सबसे अधिक राजस्व देने वाले क्षेत्रों में शामिल हैं गुरुग्राम-नूंह



कर्मचारी संगठनों का कहना है कि गुरुग्राम और नूंह दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की आर्थिक रीढ़ हैं। दोनों जिलों से निगम को करीब 777 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। ऐसे में इन क्षेत्रों में समानांतर निजी लाइसेंस दिए जाने से निगम की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। संगठनों को आशंका है कि यदि यह मॉडल लागू हुआ तो दूसरे चरण में पंचकूला और फरीदाबाद जैसे क्षेत्रों को भी इसके दायरे में लाया जा सकता है। संगठनों ने गुरुग्राम और नूंह में कार्यरत नियमित और अनुबंधित कर्मचारियों के भविष्य को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निजीकरण की स्थिति में कर्मचारियों के समायोजन और सेवा सुरक्षा को लेकर अभी कोई स्पष्ट नीति नहीं है। उनका कहना है कि निजीकरण का आकलन केवल राजस्व के आधार पर नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं, शिकायत निवारण व्यवस्था और बिजली दरों पर संभावित प्रभाव को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

सरकार ने प्रस्ताव का विरोध किया : विज

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा से जुड़े मामले में जल्दबाजी उचित नहीं है। कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हित सर्वोपरि हैं। किसी भी निर्णय से पहले सभी पक्षों की राय और सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के प्रस्ताव पर सरकार ने कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है और ऊर्जा विभाग इसका विरोध करता रहा है। इस मामले में तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आलोक निगम की अध्यक्षता वाली समिति में बिजली क्षेत्र के विशेषज्ञ ई. रविंदर कुमार शर्मा व अन्य शामिल है।

ये बोले कर्मचारी

इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा और सुरेश राठी ने कहा कि गुरुग्राम और नूंह में समानांतर लाइसेंस देना सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को कमजोर करेगा। उन्होंने इसका विरोध जारी रखने की बात कही। जनसुनवाई में मजबूती से पक्ष रखा जाएगा।

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DIVISION, (EAST) NASHIK
E-TENDER NOTICE NO. 02 FOR 2026-27 (ONLINE) (IInd Call)

Online E Tender in B-1 Form for the following works invited by Executive Engineer P W Division (East) Nashik Phone No (0253-2317734) for and on behalf of Governor of Maharashtra State from Contractor who submit tenders are not required to be contractor of the Public Works Dept. and any competent contractors fulfilling the terms and conditions of the contract can participate in the tender process with Government of Maharashtra. Tender Notice is also available on Notice Board of P.W.Division (East) Nashik and on our website https://mahatenders.gov.in

Sr. No.	Name of work	Estimated Cost put to tender	Earnest Money	Cost of Tender Form	Time Limit of Completion of work / Reg. Class
1	Construction of Remaining Work at Shivshrushti Yeola (Phase-7) Tal Yeola Dist Nashik	1,02,98,459/-	1,03,000/-	1180/-	12 (Twelve) Months including monsoon Maharashtra PWD Registration Class IV & above

E-TENDER SCHEDULE

Sr.No.	Stage	Start Time & Date	Expiry Date & Time
1	Publishing date and Time	28.09.2026 From 11.00 hrs	---
2	Tender Document Sale Start and End date, Time	28.09.2026 From 11.00 hrs	05.10.2026 upto 17.00 hrs
3	Bid Sumission Start and End date, Time	28.09.2026 From 11.00 hrs	05.10.2026 upto 17.00 hrs
4	Bid Opening Date and Time	06.10.2026 at 17.00 hrs	

ADDITIONAL INFORMATION ABOUT SCHEDULE

1	Hard Copy Submission	Upto 06.10.2026 at 17.00 hrs Hard copy submission on the office of the Executive Engineer P W Division (East) Nashik
2	Date, Time and venue of Opening of Commercial Bid (Envelope No.1/2)	On 06.10.2026 time 17.00 hrs (if Possible) Superintending Engineer P.W.Circle Nashik

Note :-
1. All eligible/interested tenderers are required to be enrolled on portal https://mahatenders.gov.in before downloading tender documents and participate in e-tendering.
2. Tenderers are requested to contact of following telephone numbers any doubts/information/difficulty regarding on line enrollment or obtaining digital certificate contact Us-(N.I.C). The 24X7 toll free telephonic help desk number-180030702232 Mob. no. 917878107985/86, 917878007972/73
3. Document tender fee to be paid via online payment gateway mode only.
4. The information of E-Payment gateway available on E-tendering website http://mahatenders.gov.in other instruction can be seen in the tender form.
5. All or any one of the tender may be rejected by the competent authority.
6. The electronic tendering system for public works department of government of Maharashtra will be available on separate sub portal with URL http://mahatenders.gov.in as part of the electronic tendering system of government of Maharashtra which is available on the portal http://mahatenders.gov.in

Sd/- Executive Engineer
PW Division (East) Nashik

(Short tender Notice PWD Mantralaya Mumbai GR No. Sankirna-2022/Pra.kra.104/Bldg-2 Date 14.02.2025

आरओसी-2026-27/क्र-5/C२९९१

खबर संक्षेप

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने महिला को कुचला, मौत

पानीपत। पानीपत जिले के आसन कलां से नोहरा की तरफ जा रहे दंपति की बाइक रविवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। इस हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उनके पति बाल-बाल बच गए। मृतका की पहचान 41 वर्षीय प्रीति पत्नी राजवीर निवासी जोनंधन कला गांव हाल निवासी जैथल रोड पिपल वाली गली के तौर पर हुई।

जमीन दिलाने के नाम पर 1.06 करोड़ की ठगी

नारायणगढ़। कुरुक्षेत्र के प्रॉपर्टी डीलरों ने जमीन दिलाने के नाम पर किसान से 1 करोड़ 6 लाख 72 हजार 990 रुपये ठग लिए। पुलिस ने आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारायणगढ़ निवासी गुरविंदर सिंह ने कृषि भूमि बेचने के बाद नई जमीन खरीदने के लिए कुरुक्षेत्र के सुरेश कुमार से संपर्क किया। सुरेश ने खुद को प्रॉपर्टी फर्म का साझेदार बताकर शाहबाद के मछरौली में जमीन दिलाने का झांसा दिया।

कम्बोपुरा हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

करनाल। थाना मधुबन के गांव कम्बोपुरा में आपसी लड़ाई-झगड़े के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुख्य आरोपी अक्षय निवासी कम्बोपुरा और उसके दो साथी शामिल हैं।

पानी की टंकी ढहने से बच्ची समेत दो की मौत

गुरुग्राम। खेड़की दौला थाना क्षेत्र के सेक्टर-83 स्थित जी-21 सोसाइटी के पास झुग्गियों में बनी सीमेंट की पानी की टंकी अचानक ढह जाने से चार साल की बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक महिला और उसका बेटा भी मलबे की चपेट में आए थे। टंकी तैयार कराने वाले ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किनाना में 39वीं राज्य सीनियर-जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप का आगाज

लक्ष्य भेदने के साथ एकाग्रता और अनुशासन का प्रतीक है तीरंदाजी: मेजर सत्यपाल सिंधू

■ दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेजर सतपाल सिंधू ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद। किनाना स्थित इंडस ग्लोबल अकेडमी में 39वीं हरियाणा राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर निशाना लगाते मेजर सतपाल सिंधू। फोटो: हरिभूमि

जींद। किनाना स्थित इंडस ग्लोबल अकेडमी में 39वीं हरियाणा राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप के अवसर पर मेजर सतपाल सिंधू को स्मृति चिन्ह देते हुए।

इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना जींद में रविवार को 39वीं हरियाणा राज्य सीनियर एवं जूनियर पुरुष तीरंदाजी चैंपियनशिप (2026-27) का शानदार आगाज हुआ। हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए 585 सीनियर और जूनियर तीरंदाज लक्ष्य पर सटीक निशाना साधते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का यह रोमांचक दौर 28 सितंबर तक जारी रहेगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मेजर सत्यपाल सिंधू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन स्थल पर उनका जोरदार स्वागत किया गया और पुष्पगुच्छ व फूलों की माला भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन के पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि मेजर सतपाल सिंधू ने कहा कि तीरंदाजी केवल लक्ष्य भेदने का खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और उच्च स्तर के मुकाबलों के लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार करने का सुनहरा अवसर देती हैं। हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव रामनिवास हुड्डा ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कोने-कोने से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को तलाश कर उन्हें एक बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के युवा खेल के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और तीरंदाजी में भी राज्य के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है।

हरियाणा तीरंदाजी चैंपियनशिप में 585 खिलाड़ियों ने साधा निशाना

खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह

प्रतियोगिता के पहले दिन से ही खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबलों में तीरंदाज अपनी गजब की सटीकता और एकाग्रता का परिचय देते हुए अगले चरण में जगह बनाने के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे हैं। किनाना स्थित इंडस ग्लोबल अकेडमी में इस मेगा इवेंट के आयोजन से क्षेत्र के विद्यार्थियों और खेलप्रेमियों में भी खासा जोश और उमंग का माहौल बना हुआ है।

ये मौजूद रहे

इस अवसर पर प्रवीण परुथी इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के समन्वयक, जेएस सारंग हेड मास्टर इंडस ग्लोबल अकेडमी, जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव मुनीत बेरवाल, कोच सुरेंद्र सिंह, कोच कपिल, कोच संजय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पिहोवा के कलसा मोड़ पर हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को मारी टक्कर

सड़क पर तड़पते रहे दो भाई वाहन गुजरते रहे, छात्र की मौत

आधे घंटे तक सड़क पर पड़े रहे घायल, नहीं मिली मदद

■ परिजनों का आरोप-समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता तो बच सकती थी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

पिहोवा। अंकित को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन। फोटो: हरिभूमि

पटियाला रोड पर कलसा मोड़ के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 20 वर्षीय छात्र अंकित की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई नवदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद दोनों घायल करीब आधे घंटे तक सड़क पर पड़े रहे। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान कई वाहन वहां से गुजरते रहे, लेकिन किसी ने रुककर घायलों को अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। परिजनों को हादसे की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और दोनों को अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया, जबकि नवदीप का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अंकित और नवदीप बाइक से खेत की ओर जा रहे थे।

फरीदाबाद: एक्सीडेंट में सिविल इंजीनियर की मौत

फरीदाबाद। फरीदाबाद के बल्लभगढ़ सेक्टर-3 में रविवार को कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार सिविल इंजीनियर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ,

जब वह कंपनी के काम से साइट का सर्वे करने जा रहा था। मृतक की पहचान मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी 26 वर्षीय संदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। सेक्टर-8 थाना पुलिस के अनुसार संदीप कुमार पिछले कई वर्षों से फरीदाबाद में रह रहा था। उसने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया हुआ था। करीब एक साल पहले ही उसने फरीदाबाद की एक निजी कंपनी जॉइन की थी और वर्तमान में सर्विस मैनेजर के पद पर कार्यरत था। वह सेक्टर-56 में किराए के मकान में अकेला रहता था। संदीप के भाई दिनेश ने पुलिस को बताया कि रविवार को संदीप बाइक से सेक्टर-3 में एक साइट देखने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह खाटू श्याम मंदिर के पास पहुंचा, तभी एक कंटेनर ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया।

बरवाला के बनभौरी के पास हादसा

फॉर्च्यूनर और बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

क्षेत्र के गांव बनभौरी के पास रविवार को फॉर्च्यूनर गाड़ी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में फॉर्च्यूनर की चपेट में आने से बनभौरी निवासी एक अन्य बाइक सवार भी घायल हुआ है। हादसे में गांव सरहेड़ा के दो युवकों की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। गांव सरहेड़ा निवासी तीन युवक बाइक पर सवार होकर गांव मखंड में कबड्डी का खेल देखने जा रहे थे। इसी दौरान बनभौरी गांव के पास सामने से आ रही फॉर्च्यूनर गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मोनू (22) और पुनीत (14) की मौत हो गई, जबकि रवि (24) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान फॉर्च्यूनर की चपेट में आने से बनभौरी निवासी सूरज भी घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल बरवाला ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रवि की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल हिसार भेज दिया।

स्कैन करें

Flipkart amazon.in पर भी उपलब्ध*

10 YEAR WARRANTY

BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

72198 21111

*नियम और शर्तें लागू। उल्लिखित ESRPs, 125 सिंगल सीट वेरिएंट के हैं. स्टंट्स विशेषज्ञों द्वारा, पेशेवर निगरानी में, नियंत्रित और बंद वातावरण में, आम जनता या सार्वजनिक सड़कों से अलग रहकर किए गए हैं. इन स्टंट्स को दोहराने का प्रयास न करें और हमेशा यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन करें. लागू ऑफर अलग-अलग मॉडल/राज्यों में अलग हो सकते हैं. E-कॉम ऑफर संबंधित E-कॉम पार्टनर के नियमों और शर्तों के अधीन हैं. E-कॉम ऑफर अलग-अलग पार्टनर्स के अनुसार अलग हो सकते हैं. तस्वीरें केवल उदाहरण के लिए हैं. असली रंग अलग हो सकते हैं.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana: Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat: SUVIDHA BAJAJ GT Road : 9812058111, 9812500103 MAHADEV BAJAJ, Jagjivan Ram Colony, Gohana Road 9138555376** • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road:-** GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812580711,9812589011 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 8059900787 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.**

खबर संक्षेप

सेबी ने ओमेक्स और पांच अन्य को प्रतिबंधित किया

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने रियल एस्टेट कंपनी ओमेक्स और पांच अन्य को न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी संबंधी नियमों को पूरा करने के लिए कृत्रिम तरीके से सार्वजनिक शेयरधारिता दिखाने के मामले में प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित किया है। नियामक ने इन पर कुल 1.92 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, ओमेक्स पर तीन महीने के लिए प्रतिभूति बाजार में प्रवेश पर रोक लगाई गई है।

आवासीय कीमत वृद्धि के मामले में मुंबई दुनिया में 8वें स्थान पर

नई दिल्ली। प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में जून तिमाही में सालाना आधार पर 6.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मुंबई दुनिया के 46 शहरों में आठवें स्थान पर रहा। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने यह कहा। आलोच्य तिमाही में दुनिया में प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में सालाना औसतन 2.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल 46 शहरों में से 32 में सालाना आधार पर आवासीय संपत्तियों की कीमतें बढ़ीं।

धामरा नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित पहला बंदरगाह

नई दिल्ली। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) द्वारा संचालित ओडिशा का धामरा बंदरगाह पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित होने वाला देश का पहला बड़ा निजी मल्टी-कार्गो बंदरगाह बन गया है। कंपनी ने यह जानकारी दी। सालाना 4.8 करोड़ टन से अधिक माल संभालने वाला यह बंदरगाह अब अपनी 90 लाख यूनिट से अधिक की मासिक बिजली मांग को नवीकरणीय स्त्रोतों से पूरा करता है। एपीएसईजेड ने बताया कि मौजूदा परिचालन स्तर पर इसकी सालाना नवीकरणीय बिजली खपत 108 गीगावाट घंटा (जीडब्ल्यूएच) से अधिक है।

ओपनएआई ने एआई मॉडल का प्रशिक्षण रोका, सुरक्षा में लगाया सेंध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओपनएआई ने अपने सबसे सक्षम कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल के सभी प्रशिक्षण, मूल्यांकन और उपकरणों के जरिये इस्तेमाल को रोक दिया है। कंपनी के एक प्रशिक्षण परीक्षण के दौरान एक एआई एजेंट ने इंटरनेट पर लगाए गए अंकुशों को दरकिनार कर दिया था। ओपनएआई ने बताया कि एआई एजेंट ने डोमेन नेम सिस्टम (डीएनएस) में मौजूद एक खामी का फायदा उठाकर इन अंकुश को पार किया। डीएनएस इंटरनेट की वह व्यवस्था है जो किसी वेबसाइट के नाम को उसके कंप्यूटर या सर्वर के पते से जोड़ती है, ताकि वेबसाइट तक पहुंचा जा सके।

प्रशिक्षण परीक्षण के दौरान एआई एजेंट ने लगे अंकुश हटाए

नेट पर लगाए गए अंकुश में खामी थी

ओपनएआई ने कहा, ''हमारी सुरक्षा व्यवस्था इस धारणा पर आधारित थी कि मॉडल सीधे इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर सकता और अगर वह ऐसा करने की कोशिश करेगा तो निगरानी व्यवस्था उसका पता लगा लेगी। लेकिन इस घटना से पता चला कि इंटरनेट पर लगाए गए अंकुश में एक खामी थी। इसलिए हमने प्रभावित प्रशिक्षण परीक्षण को रोक दिया और अपने सबसे सक्षम मॉडल के अन्य प्रशिक्षण, मूल्यांकन तथा उपकरणों के जरिये इंटरनेट इस्तेमाल को भी फिलहाल रोक दिया है।''



जानकारी खोजने की क्षमता जांची

यह ऐसा परीक्षण है जिसमें एआई एजेंट की मुश्किल और आसानी से न मिलने वाली जानकारी खोजने की क्षमता जांची जाती है। एजेंट ने ऑफलाइन सामग्री से इस परीक्षण का डेटा और उसकी जांच के लिए इस्तेमाल होने वाली स्क्रिप्ट हासिल की तथा सवालों के जवाब तलाशे। जब इससे भी उसे सही जवाब नहीं मिला तो उसने यह पता लगाने की कोशिश की कि क्या वह किसी तरह इंटरनेट तक पहुंच सकता है।

एआई एजेंट को एक व्यक्ति की जानकारी खोजनी थी

कंपनी ने कहा कि वह इस विशेष मॉडल का प्रशिक्षण दोबारा शुरू नहीं करेगी, हालांकि उसकी मौजूदा व्यवस्था ने इस व्यवहार के लिए मॉडल को पहले ही नकारात्मक अंक दिए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना 20 सितंबर को एक ऐसे प्रशिक्षण कार्य के दौरान हुई जिसमें एआई एजेंट को एक व्यक्ति के बारे में इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी खोजनी थी। उस व्यक्ति ने एक ब्लॉग पोस्ट प्रकाशित की थी और एजेंट को उसकी पहचान करने के लिए कुछ जीवनी संबंधी जानकारियां तथा ब्लॉग पोस्ट से जुड़े संकेत दिए गए थे।

कंपनियां पांच से आठ प्रतिशत तक कीमत बढ़ाने की तैयारी कर रही

त्योहारी सीजन से पहले बढ़ेंगे एसी, टीवी और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान के दाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले देश में एयर कंडीशनर (एसी), एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन और अन्य उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान महंगे हो सकते हैं। प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां तांबा, इस्पात जैसे कच्चे माल की कीमतों में तेजी के मद्देनजर अपने उत्पादों के दाम पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

- तांबा, इस्पात जैसे कच्चे माल की कीमतों में तेजी के कारण होगी वृद्धि

कंपनियों के मुताबिक, तांबा, एल्युमिनियम, इस्पात, प्लास्टिक और कच्चे तेल से जुड़े उत्पादों की बढ़ती लागत के साथ-साथ माल ढुलाई खर्च और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है। इस साल यह तीसरी मौका होगा जबकि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां दाम बढ़ाएंगी।

एसी में 8 फीसदी तक दाम बढ़ने की संभावना

एयर कंडीशनर की कीमतों में जहां करीब पांच से आठ प्रतिशत तक बढ़ोतरी की संभावना है, वहीं कुछ कंपनियां वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एलईडी टीवी के दाम तीन से चार प्रतिशत बढ़ाने जा रही हैं। हालांकि, कुछ कंपनियां अभी स्थिति का आकलन कर रही हैं।

दिसंबर-जनवरी में भी कीमतें बढ़ाई जा सकती है

अन्य उत्पादों, जैसे एलईडी टीवी और वॉशिंग मशीन, की कीमतों में भी दो से तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कच्चे माल की लागत बढ़ती रही, तो दिसंबर और जनवरी में भी कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। सतीश के मुताबिक, तांबे की कीमत पिछले साल के करीब 8,000-9,000 डॉलर प्रति टन से बढ़कर लगभग 14,500 डॉलर तक पहुंच गई है।

कीमत बढ़ाने से मांग पर असर पड़ सकता है

कई कंपनियों का मानना है कि कीमत बढ़ाने से मांग पर असर पड़ सकता है। वहीं कुछ अन्य की राय है कि कीमत वृद्धि का असर सीमित रहेगा, क्योंकि डीलर और वितरकों के पास पहले ही पुराने दाम का स्टॉक है। ब्लू स्टार, गोदरेज अप्लायंसेज, हायर, डइकिन और सुपर प्लास्ट्रॉनिक्स समेत कई कंपनियां विभिन्न श्रेणियों में कीमतें बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

पैनासोनिक अभी स्थिति का आकलन कर रही

एलजी और बॉश होम कम्फर्ट, जो हिताची ब्रांड के एयर कंडीशनर का कारोबार करती है, ने भी एसी की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। पैनासोनिक अभी कीमत बढ़ाने को लेकर स्थिति का आकलन कर रही है। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने कहा कि बढ़ती जिंस कीमतों के कारण एसी और डीप फ्रीजर की कीमतें पहले ही पांच से आठ प्रतिशत बढ़ाई जा चुकी हैं।

जिंस की कीमत में 8 से 10 फीसदी की वृद्धि हो चुकी

त्यागराजन ने कहा कि तांबा, इस्पात और प्लास्टिक समेत विभिन्न कच्चे माल के दाम चढ़ गए हैं और कंपनी इस साल अब तक तीन बार कीमतें बढ़ा चुकी है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि पिछली कीमत समीक्षा के बाद जिंस की लागत में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

हायर 1 अक्टूबर से एसी की कीमत 5 फीसदी बढ़ाएगी

ऐसे में विभिन्न श्रेणियों में पांच से सात प्रतिशत तक की कीमत वृद्धि अपरिहार्य हो गई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पुराने दाम पर खरीदा गया स्टॉक अब करीब एक से डेढ़ महीने तक बाजार में उपलब्ध रह सकता है। हायर इंडिया के अध्यक्ष एन.एस. सतीश ने कहा कि कंपनी एक अक्टूबर से एयर कंडीशनर की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की वृद्धि करेगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

ज्ञान, विज्ञान.....

भारतीय मूल्यों को आधुनिक शिक्षा के साथ पिरोकर एक नई दिशा दे रहा है।

औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति और भारतीय ज्ञान प्रणाली

एक सवाल के जवाब में डॉ. एन.पी. सिंह ने स्पष्ट किया कि 1835 के शिक्षा अधिनियम और औपनिवेशिक (मैकाले) प्रभाव के कारण भारत की मूल ज्ञान परंपराओं गणित, जीवन विज्ञान, दर्शनशास्त्र और अन्य क्षेत्रों को पाठ्यक्रम में केवल एक फुटनोट (हाशिए) की तरह रख दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप, सदियों से चली आ रही भारतीय शिक्षा व्यवस्था सिर्फ नौकरी चाहने वाले लोग तैयार करने तक सीमित होकर रह गई। जब कि भारतीय शिक्षा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य ऐसे ग्लोबल सिटीजन (वैश्विक नागरिक) तैयार करना है जो अपनी भारतीय जड़ों, संस्कृति और मूल्यों से मजबूती से जुड़े हों तथा आधुनिक दुनिया में पूरे आत्मविश्वास के साथ मुकाबला कर सकें।

सीबीएसई और अन्य बोर्डों से भिन्न है भारतीय शिक्षा बोर्ड: भारतीय शिक्षा बोर्ड अन्य राष्ट्रीय और राज्य बोर्डों से किस प्रकार भिन्न है, इस सवाल के जवाब में डॉ. सिंह ने बताया कि शैक्षणिक स्तर पर समानता होने के बावजूद दोनों के 'शिक्षा दर्शन' में अंतर है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम का स्वरूप का स्वरूप कुछ इस तरह तैयार किया जा रहा है कि बोर्ड के पाठ्यक्रम में वेदों, उपनिषदों, भगवद्गीता, जैन व बौद्ध दर्शन के साथ-साथ महान भारतीय विचारकों, नेताओं की जीवन गाथाओं, संवैधानिक मूल्यों और गुरुकुल परंपरा के तत्वों को आधुनिक विज्ञान व टेक्नोलॉजी के समावेश हो ताकि नौनिहालों को देश के समृद्ध विरासत से जोडा जा सके। उसकी महत्ता को रखांकित किया जा सके। भारत की भूमि से उपजे ज्ञान, दर्शन पर जब विश्व की शिक्षा व्यवस्था गौरव कर रही है उस पर आधारित है तो भला हमारे देश में हमारा गौरवशाली समृद्ध इतिहास से क्यों ने हमारे बच्चों को रूबरू कराया जाए। डा. एनपी सिंह ने कहा, रटंत विद्या से मुक्ति मिलेगी तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। यही वजह है कि भारतीय शिक्षा बोर्ड में चीजों को केवल रटने के बजाय अवधारणाओं को गहराई से समझने और प्रायोगिक/अनुभव आधारित शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाता है। छात्रों पर अत्यधिक पढ़ाई का बोझ डालने के बजाय उनकी मानसिक सेहत, क्रिटिकल थिंकिंग (समीक्षात्मक सोच), क्रिएटिविटी और जीवन कौशलों के विकास को प्राथमिकता दी जाती है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अनुरूप और कानूनी मान्यता: बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह ने साफ किया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुरूप है। यह बोर्ड कक्षा 1 से 12 तक के स्कूलों को मान्यता प्रदान करता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, कानूनी और प्रशासनिक वैधता के संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए कहा, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10 और 12 के प्रमाण-पत्रों को भारतीय विश्वविद्यालय संघ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) सहित कई राज्य सरकारों और बोर्डों से मान्यता प्राप्त है। इसके छात्र देश के किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान या प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश के लिए पूरी तरह पात्र हैं।

भविष्य की तैयारी और विस्तार: देशभर में नये बोर्ड को लेकर अभिभावकों और स्कूलों में बढ़ती दिलचस्पी पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 1000 स्कूल इस बोर्ड से जुड़ चुके हैं। डा. एनपी सिंह ने बताया कि दर्जन भर मिशिनरी संचालित स्कूल और कुछ मदरसों ने भी भारतीय शिक्षा बोर्ड की महत्ता समझते हुए एफलिएशन लिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीकी युग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बोर्ड तकनीक के केवल तकनीकी इस्तेमाल तक सीमित न रहकर उसके रचनात्मक और संतुलित उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है, ताकि छात्र भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। नव निर्मित बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह के अनुसार, भारतीय शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली को काटना नहीं, बल्कि भारत की महान धरोहर और आधुनिक विज्ञान का एक ऐसा बेहतरीन मेल तैयार करना है जो आने वाली पीढ़ियों को उनकी संस्कृति पर गर्व करना सिखाए।

कच्चे तेल के दाम तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में आगामी कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान निवेशकों की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत और कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक बाजारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी। 'गांधी जयंती' के मौके पर शुक्रवार दो अक्टूबर को शेयर बाजार में अवकाश रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत में प्रगति और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने से जुड़ी किसी रूपरेखा से ऊर्जा कीमतों में नरमी आ सकती है। इससे भारत के आयात बिल और रुपये पर भी दबाव कम हो सकता है। वहीं, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने पर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।'' घरेलू मोर्चे पर अगस्त के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

सोने-चांदी में फिर उतार-चढ़ाव की आशंका

नई दिल्ली। सोने और चांदी में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के आर्थिक आंकड़े, पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर इसका असर बहुमूल्य धातुओं की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। छुट्टियों के कारण छोटा कारोबारी सप्ताह होने के बीच बाजार की नजर अमेरिका के उपभोक्ता विश्वास, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। यूरोजोन की मुद्रास्फीति, विनिर्माण पीएमआई, फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के बयान और अमेरिकी रोजगार आंकड़े भी बाजार को दिशा देंगे। एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस एवं मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बाजार की नजर अमेरिकी गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगी, जो अक्टूबर में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 3,500 रुपये यानी करीब 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी का वायदा भाव भी 6,907 रुपये यानी तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 2.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर रहा। वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर दिसंबर के आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव 103.7 डॉलर यानी 2.34 प्रतिशत गिरकर 4,321.2 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.35 डॉलर यानी 3.5 प्रतिशत टूटकर 64.80 डॉलर प्रति औंस रह गई।

नौ कंपनियों ने सेबी में आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए

नई दिल्ली। ट्रांस एसीएनआर सॉल्यूशंस और महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस समेत नौ कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। ये कंपनियां कारोबार विस्तार, कर्ज चुकाने और अन्य कारोबारी जरूरतों के लिए पूंजी जुटाना चाहती हैं। ट्रांस एसीएनआर सॉल्यूशंस ने गोपनीय प्रक्रिया के तहत दस्तावेज जमा किए हैं, जबकि महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस, जगजीत एग्री इंजीनियरिंग, जय पार्वती फोर्ज, कूलकिंग इंडस्ट्रीज इंडिया, साई इन्फिनियम, एसजी एनकॉन, माउंट एवरेस्ट बूअरीज और अल्ट्रावाइब्रेंट इंटिग्रेटेड एनर्जी ने सेबी के पास सामान्य तरीके से मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। इन कंपनियों ने 21 से 26 सितंबर के बीच दस्तावेज दाखिल किए। प्रस्तावित आईपीओ से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल कारोबार विस्तार, कार्यशील पूंजी की जरूरतों, कर्ज चुकाने और सामान्य कारोबारी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस ने 370 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रवर्तकों द्वारा 2.14 करोड़ तक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का प्रस्ताव रखा है। जगजीत एग्री इंजीनियरिंग, जय पार्वती फोर्ज और कूलकिंग इंडस्ट्रीज इंडिया ने क्रमशः 300 करोड़ रुपये, 300 करोड़ रुपये और 300 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने का प्रस्ताव रखा है।

सूचना

मैं, सत नारायण भार्गव (Sat Narain Bhargava) पुत्र श्री सूरत राम भार्गव निवासी म.नं.: 4, गौशाला कवाटर, गोपाल नगर, भिवानी रोड़, जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरे लड़के सौरभ भार्गव (Saurabh Bhargava) की 10वीं की डी.एम.सी. में मेरा नाम सत नारायण दर्ज है (Sat Narain) है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों तथा मेरे लड़के के अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सत नारायण भार्गव (Sat Narain Bhargava) दर्ज है। सत नारायण भार्गव (Sat Narain Bhargava) व सत नारायण (Sat Narain) एक ही व्यक्ति यानि मेरे नाम हैं और मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना जाता है। जो कि मेरा सही व दुरूस्त नाम सत नारायण भार्गव (Sat Narain Bhargava) है।

निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य इच्छुक ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है की राजकीय प्राथमिक पाठशाला बोहत वास अहीर (रेवाड़ी) के विभाग द्वारा घोषित जर्जर भवन को तोड़ने हेतू 29 सितंबर, 2026 को 1:00 बजे विद्यालय परिसर में बोली लगाई जायेगी। S.S.A. से संबंधित नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जायेगी। बोलीदाता को 25% राशि बोली से पूर्व तथा सफल बोलीदाता को 100% राशि जमा करवानी होगी।

आशा शर्मा, जे.बी.टी. हेड
मो. नं. 7206375873
राजकीय प्राथमिक पाठशाला
बोहत वास अहीर (रेवाड़ी)

निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य एवं इच्छुक ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला भालखी (रेवाड़ी) के विभाग द्वारा घोषित जर्जर भवन को तोड़ने हेतू 30 सितंबर, 2026 को प्रातः 9:00 बजे विद्यालय परिसर में बोली लगाई जाएगी। एस.एस.ए. से संबंधित नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व 25% राशि तथा सफल बोलीदाता को 100% राशि जमा करवानी होगी।

राजेश कुमार, जे.बी.टी. हेड
रा.प्रा.पा., भालखी (रेवाड़ी)
9466959568
दिनांक : 27-09-2026

निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य एवं इच्छुक ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी भालखी (रेवाड़ी) के विभाग द्वारा घोषित जर्जर भवन को तोड़ने हेतू 30 सितंबर, 2026 को प्रातः 9 बजे विद्यालय परिसर में बोली लगाई जाऐगी। एस.एस.ए. से संबंधित नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व 25% राशि तथा सफल बोलीदाता को 100% राशि जमा करवानी होगी।

धमेन्द्र कुमार, जे.बी.टी. हेड
रा.प्रा.पा., ढाणी भालखी (रेवाड़ी)
9466932001
दिनांक : 27-09-2026

निविदा/बोली आमंत्रण सूचना

सभी योग्य एव इच्छुक ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है की राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी सांतो (रेवाड़ी) के विभाग द्वारा घोषित जर्जर भवन को तोड़ने हेतू 30 सितंबर, 2026 को 1:00 बजे विद्यालय परिसर मे बोली लगाई जायेगी। एस.एस.ए. की संबंधित नियम व शर्ते मौके पर बताई जायेगी। बोलीदाता को बोली से पहले (पूर्व) 25% की राशि तथा सफल बोलीदाता को 100% राशि जमा करवानी होगी।

कुशलपाल, जे.बी.टी. हेड
मो. नं. 9466418007
राजकीय प्राथमिक पाठशाला
ढाणी सांतो (रेवाड़ी)

राशिफल

मेष: किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष: व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क: आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह: आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या: मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला: आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक: आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु: आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर: माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ: अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन: शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोप्टी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बोइंग के मैक्स विमानों में सॉफ्टवेयर समस्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/मुंबई

बोइंग ने अपने 737 मैक्स विमानों में सॉफ्टवेयर से जुड़ी एक समस्या की पहचान की है, जिससे विमान के उतरने की असफल कोशिश के बाद स्वचालित उड़ान मार्गदर्शन प्रणाली बंद हो सकती है। कंपनी इस समस्या को स्थायी रूप से दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव करने पर काम कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत में एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर के बेड़े में करीब 96 बोइंग 737 मैक्स विमान हैं। इनमें एयर इंडिया एक्सप्रेस के करीब 53 और अकासा एयर के 43 विमान शामिल हैं। बोइंग के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि कंपनी के इंजीनियर इस समस्या को स्थायी रूप से दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर में बदलाव कर रहे हैं।

स्वचालित उड़ान मार्गदर्शन प्रणाली पर असर की आशंका

शब्द पहेली - 6361



बाएँ से दाए

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

ऊपर से नीचे

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

शब्द पहेली- 6360 का हल

रा	ऊ	ल	के	ला			क	स	क	
ह	र्जा		श		श	त्रु	ता		न्या	य
गु			ही	र	क		र			म
ज	ला	व	न			गं		अ	नु	ज
र		च		बे	ल	गा	म		की	
	शा	न		क		ज		ब	ला	
	य		श	रा	र	ल		न्द		त
म	द	द		र			अ	र	मा	न
श			स		शा	य	र			ब
क	म		न	र	म		मा		मा	द
	जा	न	म			म	न	मो	ह	न

कई राज्यों में भारी बारिश, घाघरा-राप्ती समेत कई नदियां उफान पर

बारिश बन गई मुसीबत: केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड, 4000 फंसे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/देहरादून

उत्तर और मध्य भारत में मौसम के बिगड़े मिजाज और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। उत्तराखंड के सभी जिलों में शनिवार से भारी बारिश हो रही है। ऋषिकेश में गंगा खतरे के निशान को पार कर गई है। वहीं, रुद्रप्रयाग में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड हुई है। इससे करीब 4 हजार श्रद्धालु फंस गए हैं। केदारनाथ यात्रा पर रोक लगा दी गई और हेली सेवाएं भी बंद हैं। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नारी गांव में महानदी किनारे के शराब दुकान में बाढ़ का पानी घुसने से शराब की बोतलें नदी में बह गईं। मछली पकड़ने वाले जाल से बोतलें निकालते नजर आए। यूपी के लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, अयोध्या और जौनपुर समेत 45 शहरों में 70 घंटे से बारिश हो रही है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

- उप्र में तीन दिनों की भारी बारिश के बाद कुछ राहत
- कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात, बचाव अभियान जारी
- बारिश और आंधी से संबंधित घटनाओं में नौ की मौत
- छत्तीसगढ़ में बाढ़ 5,000 को बचाया
- नदी में बह आईं शराब की बोतलें

उत्तर प्रदेश: दो दिन में 62 लोगों की गई जान

उत्तर प्रदेश क 22 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा बना हुआ है। आंधी-बारिश की वजह से 2 दिनों में 62 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार में साइक्लोन अर्नब का असर अब कमजोर पड़ गया है। राज्य में पिछले 72 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते गंडक और कोसी नदियां उफान पर हैं। इससे 17 जिलों के करीब 6 हजार गांव टापू बन गए हैं, जबकि करीब 500 घर बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। सुपौल के 50 गांवों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

किन्नौर में बर्फबारी

हिमाचल में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और कई जगह बारिश हुई। कल्पा में सबसे ज्यादा 20.5 मिलीमीटर और शिमला में 9 मिमी बारिश हुई। किन्नौर की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात दर्ज किया गया। पूह के कुन्नू व छितकुल में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।

यलो अलर्ट जारी

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और बंगाल की खाड़ी से आए चक्रवात के असर से मौसम में बदलाव हुआ है। 16 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। कोटा और जैसलमेर के मोहनगढ़ सहित कई इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र में बारिश का यलो अलर्ट है।

मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया

आतंकियों को जवाब देंगे :सर्जिकल स्ट्राइक ने विश्व को भारत की नीति दिखाई : मोदी

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 138वें कार्यक्रम में रविवार को कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवादी अगर भारत की तरफ आंख उठाकर देखेंगे, तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि 28-29 सितंबर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल पूरे होने वाले हैं। भारतीय सेना ने एलओसी पार कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की थी। भारतीय जवानों की इस कार्रवाई को देखकर दुनिया हैरान रह गई थी। प्रधानमंत्री ने बालाकोट एयरस्ट्राइक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने बार-बार साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद का मजबूत और निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

भारतीय जवानों की कार्रवाई को देखकर दुनिया हैरान थी

- 100 शहरों में स्वास्थ्य जांच-ध्यान शिविर
- युवा नशे के खिलाफ अभियान चला रहे
- राइटिंग-नुक्कड़ नाटक जैसी स्पर्धाएं हुईं
- पिग्मी हॉग की संख्या 190 से ज्यादा हुई
- 9/11 और अशोक सिंघल को याद किया
- थाईलैंड में गणेश की लोकप्रियता बताई
- भारत ने आतंकी हमलों का दर्द सहा

स्वच्छता को गांधी जी के जीवन-मंत्र से जोड़ा

मोदी ने 2 अक्टूबर को गांधी की जयंती का जिक्र करते हुए कहा कि बापू ने जीवन के कई मंत्र दिए, जिनमें स्वच्छता भी शामिल है। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्वच्छता से जुड़े फोटो, वीडियो और रील्स का भी जिक्र किया। स्वच्छता को लेकर कई तरह के प्रयास हो रहे हैं। छोटे-छोटे प्रयासों से पूरा समाज इससे जुड़ रहा है।

जनगणना राष्ट्रीय दायित्व

पीएम मोदी ने कहा कि जनगणना हम सबका राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने लोगों से अपनी और परिवार की जानकारी खुद ऑनलाइन दर्ज करने की अपील की। मोबाइल से यह प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सकती है।

पांच शहरों में छापे, 10.36 करोड़ का 6.61 किलो सोना बरामद

नई दिल्ली। खुफिया निदेशालय ने सोने की तस्करी करने वाले एक बड़े सिंडिकेट का खुलासा किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक यह गिरोह करीब 475 करोड़ रुपये कीमत के 318 किलो सोने की तस्करी से जुड़ा हुआ था। इस मामले में डीआरआई ने देश के कई शहरों में एक साथ कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान सिंडिकेट से जुड़े 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है। डीआरआई ने इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन बॉर्डर बुलियन बस्ट' नाम दिया था।

बंगाल में नितिन नवीन ने संगठनात्मक बैठकें की

भाजपा के प्रदर्शन पर पदाधिकारियों की राय जानी

कोलकाता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बंगाल में पार्टी के पदाधिकारियों, सांसदों और विधायकों के साथ संगठनात्मक बैठकें कीं। उन्होंने पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद बंगाल के अपने पहले दौरे पर आए नवीन ने संगठनात्मक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, विभाग संयोजकों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों, सांसदों, जिला नेताओं के अलावा पार्टी की आईटी और सोशल मीडिया गतिविधियों का संचालन करने वाले पदाधिकारी भी शामिल हुए। राज्य के श्रम एवं परिवहन मंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि भाजपा पदाधिकारियों को हमेशा सक्रिय और व्यस्त रखती है। नवीन ने कार्यकर्ता और पदाधिकारी संगठन के काम से जुड़ा रहे। नवीन ने राज्य में पार्टी के सांसदों और विधायकों से मुलाकात कर संगठन से जुड़े मुद्दों के साथ जनप्रतिनिधियों और पार्टी संगठन के बीच समन्वय पर चर्चा की।

टैंक फुल होने पर 2200 किमी चलेगी

शाह ने पहली एलएनजी ट्रेन को हरी-झंडी दिखाई

भाषा ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे में व्यापक बदलाव किया है। उन्होंने जनता से 'बेतुकी बातें करने वाली' कांग्रेस को तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर चर्चा की चुनौती देने की अपील की।

गुजरात के साबरमती स्टेशन से देश की पहली एलएनजी ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में घोटालों के अलावा कोई काम नहीं हुआ, जबकि 12 वर्षों में कोई भी मोदी पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सका है।' शाह ने कहा कि 2014 से पहले इस देश पर एक ही परिवार का शासन था। मैं केवल रेलवे के बारे में बात करना चाहता हूं। फ्रेट कॉरिडोर, रैपिड रेल और प्रीमियम स्टेशन जैसी सभी परियोजनाएं मोदी जी ने शुरू की हैं।

झारखंड : भर्ती परीक्षा में अनियमितताओं के मामले में तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया

सीआईडी इस मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी

रांची। झारखंड अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (जेएसएससी-सीजीएल) 2023 में कथित अनियमितताओं के मामले में तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इन गिरफ्तारियों के साथ ही सीआईडी इस मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार लोगों की पहचान कोडरमा जिले के निवासी अजय कुमार तथा गिरिडीह के निवासी संजय कुमार और रामकृष्ण कुमार सिंह के रूप में हुई है। सीआईडी ने कहा कि इन अभ्यर्थियों ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में अनुचित तरीके से लाभ हासिल किया।" नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं को रद्द किए जाने तथा कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग को लेकर 25 जुलाई से प्रदर्शन शुरू किया था।

तृणमूल विधायक कुणाल घोष पर लगातार दूसरे दिन हमला

कोलकाता। ममता बनर्जी खेमे से जुड़े तृणमूल कांग्रेस विधायक कुणाल घोष ने रविवार को आरोप लगाया कि पूर्वी कोलकाता के बेलियाघाटा विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम में जाते समय उनकी कार पर हमला किया गया। घोष ने दावा किया कि नारकेलडांगा इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने हथौड़ों से उनकी कार के आगे का शीशा तोड़ दिया, जबकि उनमें से एक ने उनके सुरक्षाकर्मियों पर बंदूक तान दी। शनिवार को हुगली जिले में ममता बनर्जी की एक बैठक में शामिल होने के लिए जाते समय उनकी कार पर कथित रूप से पत्थर और अंडे फेंके गए थे। घोष ने पत्रकारों को कांच के टुकड़े दिखाए। उन्होंने कहा कि शनिवार उत्तरपाड़ा में मुझ पर हमला हुआ था।

एसआईआर पर कांग्रेस सासंद की टिप्पणी

मुझे समुद्र में तब तैरना पसंद है, जब लहरें तेज हों : राहुल गांधी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक रहस्यमयी पोस्ट में कहा कि उन्हें समुद्र की उफनती लहरों में तैरना पसंद है, क्योंकि यह आपको सिखाता है कि उथल-पुथल भी एक अलग तरह की शांति ही है।

राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बिना कोई संदर्भ या विवरण दिए हुए लिखा, मुझे समुद्र में तब तैरना पसंद है, जब लहरें तेज हों। इससे यह सीख मिलती है कि उथल-पुथल भी शांति का ही एक रूप है। यह पोस्ट अंग्रेजी अखबार में 23 सितंबर को छपी उस खबर को लेकर मचे सियासी हंगामे के बीच आया है, जिसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयुक्त -सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी- ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े मुद्दों पर बार-बार सवाल उठाए थे।



चिंतन

शांति की चाह, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं

भारत हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहता है। उसकी विदेश नीति की महत्वपूर्ण विशेषता यही रही है कि वह शांति और स्थिरता को महत्व देता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा को उसकी कीमत नहीं बनने देता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में इसी संतुलन को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है। किसी दूसरे देश की जमीन पर कब्जा करने की इच्छा नहीं रखता, लेकिन अपनी सुरक्षा से समझौता कभी नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए कहा कि यदि पड़ोसी देश आतंकवाद को बढ़ावा देता रहेगा तो आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के सभी विकल्प खुले रहेंगे। दरअसल, भारत के सामने चुनौती केवल सीमा की सुरक्षा की नहीं, बल्कि आतंकवाद के उस पूरे तंत्र से निपटने की है जो हिंसा को जन्म देता है। आतंकवाद की फंडिंग, हथियारों की आपूर्ति, कट्टरपंथ, भर्ती और सुरक्षित ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है। केवल किसी आतंकी हमले के बाद प्रतिक्रिया देना पर्याप्त नहीं हो सकता। स्थायी शांति के लिए उन परिस्थितियों को भी रोकना होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देती हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' की 138वीं कड़ी में आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लेख किया। उन्होंने 28-29 सितंबर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक के दस वर्ष पूरे होने के संदर्भ में कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर तक भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति का स्पष्ट संदेश दिया है। मजबूत सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य युद्ध को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, नागरिकों और सीमाओं की रक्षा करना है। जब सीमा पार से हिंसा और आतंकवाद का खतरा बढ़ता है तो बातचीत की प्रक्रिया भी प्रभावित होती है। ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि वह अपनी सुरक्षा को मजबूत रखने के साथ-साथ कूटनीतिक स्तर पर भी संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के रास्ते खुले रखे। आतंकवाद और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकती है। इसे भी ध्यान रखना होगा। आज की सुरक्षा चुनौतियां भी बदल चुकी हैं। युद्ध केवल सीमा पर आमने-सामने की लड़ाई तक सीमित नहीं है। साइबर हमले, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सूचना युद्ध और अन्य गैर-पारंपरिक माध्यम सुरक्षा के नए आयाम बन चुके हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सैन्य क्षमता के साथ तकनीकी और साइबर क्षमता बढ़ाना भी जरूरी है। रक्षा मंत्री ने बदलते युद्ध के स्वरूप और आधुनिक तकनीक के अनुरूप रक्षा तैयारियों की जरूरत पर जोर दिया है। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसके वित्तीय नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों को रोकने के लिए देशों के बीच सूचना साझा करना और सहयोग बढ़ाना जरूरी है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शांति को कमजोरी समझने की भूल न हो और सुरक्षा को केवल सैन्य शक्ति तक सीमित न किया जाए। भारत का हित एक ऐसे वातावरण में है जहां सीमाएं सुरक्षित हों, आतंकवाद पर प्रभावी रोक हो, पड़ोसी देशों के साथ तनाव कम हो और विकास की प्रक्रिया बिना बाधा आगे बढ़े। इसलिए शांति की चाह बनी रहनी चाहिए, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं होना चाहिए। संवाद के रास्ते खुले रहें, कूटनीतिक प्रयास जारी रहें और क्षेत्रीय शांति की कोशिश होती रहे, लेकिन देश की सुरक्षा, संप्रभुता और नागरिकों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे।

लोक कल्याण के लिए समर्पित 'युगपुरुष'



पुण्य स्मरण

नरेंद्र मोदी
भारत के प्रधानमंत्री

> हम स्वर्गीय अशोक सिंघल का जन्म-शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। यह एक महान विभूति के सम्मान का सुअवसर है। सिंघल जी ने अपने जीवन में हर क्षण इस महान राष्ट्र के उत्कर्ष का ही स्वप्न देखा था। उनके आदर्शों से आज भी हमें ये प्रेरणा मिलती है। उनकी जन्मशती के इस पावन अवसर पर हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक युवा उनके विराट व्यक्तित्व और महानता से परिचित हों। आइए, हम अपने राष्ट्र और देशवासियों के लिए सिंघल जी के सपनों को साकार करने के संकल्प को एक बार फिर दोहराएं।

एक बहुत सुंदर सुभाषित है- वृक्ष कबहुं नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर। परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर।- इसका मतलब है कि पेड़ कभी अपने फल स्वयं नहीं खाता, नदी अपना जल अपने पास नहीं रखती। इसी तरह, संत स्वभाव के लोग भी स्वयं को प्राथमिकता न देते हुए, सदैव दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर देते हैं। सदियों से हमारे ऋषियों ने हमें यही सिखाया है कि मानवता के कल्याण के लिए समर्पित जीवन का महत्व व्यक्तिगत उपलब्धियों से कहीं अधिक होता है। श्रद्धेय अशोक सिंघल का जीवन इस भावना का पुण्य उदाहरण है। हम स्वर्गीय सिंघल जी का जन्म-शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे हैं। यह एक महान विभूति के सम्मान का सुअवसर है। उन्होंने आध्यात्मिक साधना, सांस्कृतिक जागरण और दशकों तक समर्पित भाव से समाज एवं संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया। मैंने उन्हें कई दशकों तक दिन-रात काम करते देखा। वे देश के दूर-दराज के क्षेत्रों की लंबी और कई बार कठिन यात्राएं किया करते थे। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में जाना उन्हें विशेष रूप से प्रिय था।

वे लगातार इस पर चिंतन करते थे कि समाज के वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए और क्या किया जा सकता है। जब भी देश में कहीं प्राकृतिक आपदा आती, तो सिंघल जी सबसे पहले वहां पहुंचने वालों में होते या फिर प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते। 2001 में कच्छ में आए भूकंप के बाद उनके साथ का मेरा अनुभव अविस्मरणीय बन गया। अशोक जी अत्यंत प्रतिष्ठित और संपन्न परिवार से थे। लेकिन, शुरू से ही अशोक जी का झुकाव बिल्कुल अलग दिशा में था। प्रयागराज में पले-बढ़े अशोक जी कई घंटे संगम के तट पर बैठा करते थे। इससे भारत के सांस्कृतिक लोकाचार की उनकी समझ और समृद्ध हुई। समाज के लिए कुछ करने का उनका संकल्प भी और दृढ़ हुआ। दूसरों के लिए जीने की यही ललक उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में ले आई। उनको जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे उन्होंने पूरे उत्साह, अनुशसन और कर्तव्यभाव से निभाया।

सिंघल जी ने अपने निरंतर प्रयास और अथक परिश्रम से अनेक संस्थाओं और आंदोलनों को मजबूत किया। अपनी ओजस्वी वाणी और अभिव्यक्ति की अद्भुत शैली से वे पूरी सभा को मंत्रमुग्ध कर देते थे। अपने साथी कार्यकर्ताओं के प्रति वे अत्यधिक स्नेह रखते थे। जो भी उनके संपर्क में आता, वह उनकी सादगी से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। संत समाज के साथ उनके संबंध बहुत प्रगाढ़ थे। देशभर के साधु-संतों के बीच भी उनका काफी सम्मान था। संतगण उनके परामर्श को महत्व देते थे और उनकी बातों को पूरे आदरभाव से सुनते थे। मेरी स्मृति में ऐसी दो घटनाएं उभर रही हैं, जिनसे सिंघल जी के विराट व्यक्तित्व को समझा जा सकता है। पहली घटना 1993 की है। विश्व हिंदू परिषद ने स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो संबोधन के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अमेरिका में एक सम्मेलन आयोजित किया था। विदेश में ऐसे भव्य सम्मेलन का विजन, उसकी प्लानिंग और विभिन्न समूहों को एक मंच पर लाने का भगीरथ प्रयास अशोक जी के अद्वितीय संगठनात्मक कौशल का परिचायक था। दूसरी घटना वर्ष 2000 की है, जब

त्रिनिदाद और टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में विश्व हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ था। उस समय मैं भी वहीं था। मैंने प्रत्यक्ष देखा कि सिंघल जी की उपस्थिति ने अन्य प्रतिनिधियों में कितना उत्साह भर दिया था। मेरे संबोधन के बाद उन्होंने जिस तरह मेरी सराहना की, वो मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव था।

मैंने एक बार फिर अनुभव किया कि उनका प्रोत्साहन किस तरह हर कार्यकर्ता को नई ऊर्जा से भर देता था। राम जन्मभूमि आंदोलन में सिंघल जी की ऐतिहासिक भूमिका का स्मरण किए बिना उनका कोई भी उल्लेख अधूरा है। वर्ष 1991 की बोट क्लब रैली में दिए गए उनके ओजस्वी संबोधन को कौन भूल सकता है? या आंदोलन के चरम पर लहूलुहान और घायल अवस्था में अशोक जी की वह ऐतिहासिक तस्वीर भला किसकी स्मृति से मिट सकती है? आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर है, तो इसके पीछे अशोक जी जैसी विभूतियों का निस्वार्थ समर्पण है, जिन्होंने इसे संभव बनाने के प्रयास में स्वयं को पूरी तरह खपा दिया। आज यदि अशोक जी हमारे बीच होते तो अयोध्या में राम मंदिर को देखकर वो सबसे अधिक भावुक एवं प्रसन्न होते। सिंघल जी के विचार बहुत सुलझे हुए थे। वे स्पष्ट रूप से मानते थे कि समाज में समरसता के साथ ही भाईचारे का संदेश मजबूत होना चाहिए। उन्होंने सामाजिक एकता और समानता के लिए निरंतर कार्य किया। उनका साफ मत था कि समाज में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति समान गरिमा व सम्मान का अधिकारी है। यही वजह थी कि उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर की पहली ईंट रखने को लेकर अपने विचार को स्पष्ट रूप से रखा।

उन्होंने ही कहा था कि यह पुनीत कार्य बिहार के वीएचपी कार्यकर्ता और वंचित वर्ग से आने वाले कामेश्वर चौपाल के हाथों से हो। काशी में एक धर्म संसद के दौरान उन्होंने डोम राजा को सम्मानित करने का फैसला किया और कई सामुदायिक अभियानों में उनके साथ मिलकर काम किया। राष्ट्र-निर्माण के साथ ही सिंघल जी के दो ऐसे प्रिय क्षेत्र थे, जो उनके हृदय के अत्यंत निकट थे। शिक्षा (विशेषकर वैदिक शिक्षा) और संगीत, इन दोनों से उनका गहरा लगाव था। वाराणसी के सांसद के रूप में मुझे इस बात पर अत्यंत गर्व की अनुभूति होती है कि जहां का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, उस शाश्वत काशी ने सिंघल जी के जीवन में एक अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने बीएचयू से शिक्षा प्राप्त की थी और वे एक मेधावी छात्र के रूप में जाने जाते थे। वे एकल विद्यालय की पहल से भी गहराई से जुड़े थे, जिसने दूर-दराज के गांवों, खासकर जनजातीय समुदायों तक बुनियादी शिक्षा पहुंचाने का कार्य किया। वे जितने गहरे अध्येता और उत्साही पाठक थे, उतने ही अच्छे श्रोता भी थे। वे युवा कार्यकर्ताओं को सदैव पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते थे। अशोक जी को निकट से जानने वालों को पता है कि वे कितना सुंदर गाते थे। मुझे नागपुर की उन बैठकों की याद आती है, जिसमें वे एकल गीत गाया करते थे। उनका गायन सभी को मंत्रमुग्ध कर देता था और पूरी बैठक में नई ऊर्जा भर जाती थी।

वर्ष 2015 में उनके 90वें जन्मदिवस समारोह का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने 'हे मातृभूमि मेरी, हे पितृभूमि मेरी' गाकर सभी को चौंका दिया था। सिंघल जी ने अपने जीवन में हर क्षण इस महान राष्ट्र के उत्कर्ष का ही स्वप्न देखा था। उनके आदर्शों से आज भी हमें ये प्रेरणा मिलती है। उनकी जन्मशती के इस पावन अवसर पर हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिक से अधिक युवा उनके विराट व्यक्तित्व और महानता से परिचित हों। आइए, हम अपने राष्ट्र और देशवासियों के लिए सिंघल जी के सपनों को साकार करने के संकल्प को एक बार फिर दोहराएं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

राज कुमार सिन्हा

चुनाव आयोग में विवाद से मतदाताओं में टूटता भरोसा

भारतीय चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद को लेकर आई एक रिपोर्ट के बाद देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों चुनाव आयुक्तों ने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने और बहाल करने, फार्म-6 में बदलाव और मतदाता डेटा के प्रबंधन जैसे मामलों पर सवाल उठाए हैं। दोनों आयुक्तों ने मतदाता डेटा और चुनावी सॉफ्टवेयर के केंद्रीकरण को लेकर भी चिंता जताई थी। सीमा खन्ना चुनाव आयोग में आईटी और डिजिटल सिस्टम की प्रमुख अधिकारी हैं। चुनाव आयोग में विवाद ईसीआईनेट और ईआरओनेट के जरिए मतदाता सूची के प्रबंधन को लेकर है। चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने सवाल उठाया है कि सीमा खन्ना के नेतृत्व वाले आईटी विभाग ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले इलेक्ट्रॉल रजिस्ट्रेशन आफिसर्स (ईआरओएस) की पहुंच और उनके वैधानिक अधिकारों को सीमित कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गोवा में 97 मतदाताओं के मामलों की स्थानीय ईआरओ स्तर पर जांच हुई और उन्हें मतदाता सूची में शामिल किए जाने के योग्य पाया गया। लेकिन संबंधित नामों को अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने में सॉफ्टवेयर और डेटाबेस एक्सेस से जुड़ी समस्या सामने आई। ईआरओ इसे मतदाता सूची सिस्टम में डाल ही नहीं पा रहे थे। गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर ने इस समस्या के समाधान और रोलबैक फैसलिटी उपलब्ध कराने के लिए चुनाव आयोग को आठ बार ईमेल भेजा था। परन्तु केन्द्रीय चुनाव आयोग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस मामले में दोनों चुनाव आयुक्तों ने कैबिनेट सेक्रेटरी को भी पत्र लिखा था। हाल के दिनों में निर्वाचन आयोग को लेकर दो स्तरों पर बहस तेज हुई है। पहला सवाल आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर और दूसरा मतदाता सूचियों के एसआईआर को लेकर है। इसके साथ ही आयोग के भीतर निर्णयों पर मतभेद की खबरों ने भी संस्था की आंतरिक कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर चर्चा को बढ़ाया है। भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो संविधान के अनुच्छेद 324, वैधानिक नियमों और स्थापित संस्थागत परंपराओं के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। जो एक बहुसदस्यीय संवैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता है। चुनाव कराने वाली संस्था पर उठते सवाल के कारण उसकी विश्वसनीयता कमजोर हुई है। लोकतंत्र में चुनाव केवल मतपत्र या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं है। चुनाव की पूरी व्यवस्था पर नागरिकों का भरोसा लोकतंत्र की वास्तविक ताकत है। दो चुनाव आयुक्तों द्वारा उनकी जानकारी के बिना लिए गए विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर संबंधी निर्णयों पर कई आपत्तियां दर्ज कराई थी। विगत कई वर्षों तक मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद द्वारा कोई अलग कानून नहीं बनाया था। मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामले में कहा था कि जब तक संसद इस विषय में कानून नहीं बनाती, तब तक नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सलाह पर होनी चाहिए। न्यायालय ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए महत्वपूर्ण माना था। इसके बाद संसद ने 2023 में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल से संबंधित कानून बनाया। इस कानून में चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया। लोकतंत्र में चुनाव कराने वाली संस्था की निष्पक्षता का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की राजनीतिक वैधता दांव पर होती है। यदि किसी चुनाव प्रक्रिया पर समाज के एक बड़े हिस्से का भरोसा कमजोर पड़ता है, तो चुनाव परिणाम संवैधानिक रूप से वैध होने के बावजूद उनकी सार्वजनिक स्वीकार्यता पर बहस शुरू हो सकती है। इसलिए निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता किसी एक दल की सुविधा या किसी दूसरे दल की शिकायत का विषय नहीं होना चाहिए। यह प्रत्येक मतदाता का प्रश्न है, क्योंकि लोकतंत्र की विश्वसनीयता केवल इस बात से तय नहीं होती कि चुनाव समय पर हुआ या परिणाम घोषित हो गया। उसकी बुनियाद इस विश्वास पर टिकी होती है कि हर पात्र नागरिक का वोट दर्ज हो, हर वोट का समान मूल्य हो और चुनाव कराने वाली संस्था किसी राजनीतिक सत्ता से ऊपर संविधान के प्रति जवाबदेह हो। यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

प्रेम क्या है?

संकलित

दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था- "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं – यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरे जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं

संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

मतदाता सूचियों में काट छांट कितनी जायज?

विपक्ष और केंद्र सरकार के विरोधी राजनीतिक दल एक बार फिर से एसआईआर के विरोध में उतर आए हैं। कांग्रेस के मुखिया राहुल गांधी भी इस मुद्दे पर हो हल्ला कर रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी से सवाल है कि जब से देश आजाद हुआ है, तब से अब तक लगभग 70 वर्षों तक कांग्रेस जो जीतती आई है, क्या वो भी चुनाव आयोग की मिलीभगत से हुआ है? दूसरी चीज अगर किसी का नाम मतदाता सूची में गलत है या किसी के पिता या पति का नाम मिसमैच है, अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है लेकिन फिर भी उसका नाम मतदाता सूची में है, या कोई कहीं शिफ्ट हो गया है तो क्या ऐसी स्थिति में सुधार नहीं होना चाहिए? हालांकि चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना है कि किसी के नाम गलत ढंग से न कटें। *धर्मपाल, गोहाना (सोनीपत)*

ट्रेंड

'मैच-फिक्सिंग'

सबसे पहले, ज्ञानेश कुमार - जो उस समय एक कार्यरत आईएएस अधिकारी थे - का इस्तेमाल बीजेपी के लिए लोगों को भर्ती करने में किया गया। फिर मोदी और शाह ने उन्हें अंपायर बनाया और भारत के चुनावों में 'मैच-फिक्सिंग' करने की ज़िम्मेदारी उन्हें सौंप दी।
-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

गर्व का पल

एथलेटिक्स में भारत के लिए एक और गर्व का पल! एशियाई खेल 2026 में महिलाओं की लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल जीतने पर एंसी सोजन एडप्पिली और पुरुषों की डेकाथलॉन में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर तेजस्विन शंकर को बधाई।
- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तरप्रदेश

लास्ट-माइल कनेक्टिविटी

डीईवीआई बसों के ज़रिए, दिल्ली पब्लिक ट्रांसपोर्ट को उन इलाकों तक पहुंचा रही है जहां इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है, और 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' को आसान, साफ सुथरा और ज़्यादा सुलभ बना रही है। बेहतर कनेक्टिविटी वाली दिल्ली का संकल्प।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग



पहले जब भी संवैधानिक संस्थाओं में कोई समस्या आती थी, तो सभी राजनीतिक दल उन्हें सुलझाने के लिए एक सुर में बात करते थे। पहली बार ऐसी स्थिति देख रहे हैं जहां दो चुनाव आयुक्त खुद ही आयोग के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

श्रीलंका पुलिस ने जाफना में लिट्टे नेता की प्रतिमा हटाई

श्रीलंका पुलिस ने रविवार को जाफना के नल्लूर में प्रतिबंधित संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के नेता रासैया पार्थिपन उर्फ थिलीपन की प्रतिमा हटा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता एफ. टी. वूटलर ने बताया कि शिकायत मिली थी कि लिट्टे से जुड़े एक व्यक्ति की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके बाद कांस्य की प्रतिमा हटा दी गई। लिट्टे भारत समेत कई देशों में भी प्रतिबंधित है। थिलीपन के नाम से जाने जाने वाले पार्थिपन को तमिल प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। वह श्रीलंका के उत्तर और पूर्व में अलगाववादी संघर्ष के दौरान लिट्टे के प्रमुख राजनीतिक नेताओं में से एक थे। दस दिन तक अनशन करने के बाद 26 सितंबर, 1987 को उनकी मौत हो गई थी।जाफना के नल्लूर में 18 सितंबर से उनकी याद में एक समारोह शुरू हुआ था। इससे पहले, कार्यक्रम स्थल पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पुलिस की रोक के खिलाफ समारोह में शामिल लोगों ने प्रदर्शन किया था। थिलीपन की मूल प्रतिमा को अतीत में कई बार नुकसान पहुंचाया गया था और इसके लिए सरकारी सैनिकों को जिम्मेदार ठहराया गया था। श्रीलंका ने पहली बार 1998 में लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था।

ऑफ बीट

बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण

यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीजें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवत: एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एंसी ने जीती चांदी, महज 2 सेंटीमीटर से फिसला सोना

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन गेम्स 2026 में भारत को एंसी सोजन ने महिलाओं की लॉन्ग जंप स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। वह महज 2 सेंटीमीटर से स्वर्ण पदक से चूक गईं। इसी स्पर्धा में भारत की शैली सिंह चौथे स्थान पर रही। भारत की दोनों ही एथलीट्स को उनकी आखिरी जंप में नुकसान हुआ। चीन की यिंगयिंग हुआंग ने 6.55 मीटर की जंप के साथ स्वर्ण पदक जीता तो मेंगयी टेन ने 6.46 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शैली की जंप 6.42 मीटर की रही थी। वह 4 सेंटीमीटर से चौथे स्थान पर फिसल गई।

चीनी लॉन्ग जंपर आखिरी छलांग से पहले तक दूसरे स्थान पर थी। उन्होंने आखिरी कोशिश में 6.55 मीटर की जंप की। सोजन इससे दूसरे स्थान पर आई। उनके पास आखिरी कोशिश में मौका था लेकिन उनकी आखिरी जंप 6,49 की रही। इससे स्वर्ण पदक चीनी एथलीट के नाम हो गया।

200 मीटर दौड़ : हरिता ने जीता ब्रॉन्ज

भारत ने रविवार को एशियन गेम्स आइची-नागोया में स्प्रिंट इवेंट्स का समापन महिलाओं और पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में अलग-अलग नतीजों के साथ किया। एक ओर, हरिता भद्रा ने कड़े मुकाबले में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि अनिमेष कुजूर पुरुषों की रेस में पांचवें स्थान पर रहे। हरिता भद्रा ने 23.20 सेकंड का समय लेकर महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, सिंगापुर की वेरोनिका शांति परेरा ने (22.78 सेकंड) गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि चीन की चेन युजी 22.93 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। 23 वर्षीय हरिता इस कॉन्टिनेंटल इवेंट में 200 मीटर में मेडल जीतने वाली छठी भारतीय महिला भी बन गईं। महाराष्ट्र की स्प्रिंटर हरिता भद्रा ने 65वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने पर्सनल बेस्ट (23.14 सेकंड) के साथ नेशनल टाइटल जीता था, जिसके बाद वह इन गेम्स में उतरी थीं।

मुक्केबाजी में तीन पदक पक्के

हरियाणा के अंकुश, नरेंद्र व परवीन सेमीफाइनल में

रोहतक। एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल के लिए रविवार का दिन बेहद शानदार रहा। देश के तीन शानदार मुक्केबाज अंकुश पंघाल, नरेंद्र बेरवाल और परवीन हुड्डा ने अपने-अपने भार वर्ग के सेमीफाइनल में शानदार अंदाज में प्रवेश कर लिया है। इन दोनों की जीत के साथ ही भारत के लिए कम से कम दो पदक पक्के हो गए हैं। पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे अंकुश पंघाल ने ताजिकिस्तान के नेकरूज सालिमोव के खिलाफ अपना दबदबा बनाया। पिछले महीने ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाले अंकुश ने अपने शानदार पंचों और मजबूत डिफेंस के दम पर 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से यह मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वह इन खेलों में भारत के लिए बॉक्सिंग का मेडल पक्का करने वाले पहले मुक्केबाज बन गए। महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग में परवीन हुड्डा ने उज्बेकिस्तान की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता नवबखोर खामिदोवा को 5-0 से करारी शिकस्त दी। पिछले दौर में वॉकओवर मिलने के कारण हरियाणा की इस मुक्केबाज का यह टूर्नामेंट का पहला मुकाबला था, लेकिन रिंग में उतरते ही उन्होंने अपनी लय और आक्रामक खेल का बेहतरीन नमूना पेश किया। पुरुषों के +92 किलोग्राम सुपर हेवीवेट वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नरेंद्र ने थाईलैंड के मुक्केबाज अदथापोंग सेंगतेप को पहले ही राउंड में चित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही उन्होंने भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर दिया है।

महिला स्टीपलचेज : पारुल ने कांस्य पदक किया अपने नाम

भारतीय एथलीट पारुल चौधरी ने महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पारुल ने 9 मिनट 8.67 सेकेंड का अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक हासिल किया। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने नौ मिनट 4.36 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान की नोराह जेरुतो तनुई ने नौ मिनट 06.82 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्पर्धा में हिस्सा लेने वाली एक अन्य भारतीय एथलीट अंकिता 9 मिनट 19.24 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

ऊंची कूद : कुशारे ने लगाई 2.25 मीटर की जंप, जीता सिल्वर

भारत के सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत पदक जीता। उन्होंने 2.25 मीटर की जंप के साथ यह मेडल हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले चीनी ताइपे के फु चाओ हुसान ने भी 2.25 मीटर का जंप किया। लेकिन उन्होंने पिछली जंप बिना फाउल के जरिए पूरी की थी। इससे भारत के हाथ से स्वर्ण पदक निकल गया। सर्वेश कुशारे ने 2.10 मीटर की जंप के साथ शुरुआत की। फिर बिना किसी दिक्कत के 2.14, 2.18 और 2.22 मीटर की छलांग लगाई। 2.25 मीटर की छलांग की पहली कोशिश में वे नाकाम रहे। मगर दूसरे प्रयास में सफल रहे। इसके बाद 2.28 मीटर का बैरियर रखा गया। मगर तीनों ही कोशिश में सर्वेश को सफलता नहीं मिली। चीनी ताइपे के फु चाओ ने भी 2.10 मीटर से शुरुआत की। 2.18 मीटर की छलांग उन्होंने दो कोशिश में पूरी की. 2.22 मीटर और 2.25 मीटर उछलने में उन्हें समस्या नहीं हुई। वे भी तीन कोशिश के बावजूद 2.28 मीटर की छलांग नहीं लगा सके।

महिला हॉकीः भारत का विजय अभियान जारी, सिंगापुर को हराया

काकामिगाहारा। सुनेलिता टोप्पो के दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एशियाई खेलों के अपने अंतिम पूल बी मैच में सिंगापुर को 7-0 से रौंद दिया, जिससे अब सेमीफाइनल में उसका सामना कोरिया से होगा। भारत ने पांच मैच में पांच जीत के साथ पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब सेमीफाइनल 30 सितंबर को होगा। भारत के लिए कप्तान सलीमा टेटे (17वें मिनट), सुनेलिता (22वें, 24वें), लालरेमसियामी (26वें), रुतुजा दादासो पिसाल (29वें), निक्की प्रधान (35वें) और दीपिका (55वें) ने गोल किए। गत चैंपियन और मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान जापान से भिड़ेगा। सिंगापुर ने पहले क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारत ने दबदबा बनाए रखा। सिंगापुर ने भारत के शुरुआती आठ पेनल्टी कॉर्नर नाकाम किए। दूसरे क्वार्टर में सलीमा ने मैदानी गोल से भारत का खाता खोला। इसके बाद सुनेलिता ने दो गोल किए जबकि ललरेमसियामी और रुतुजा ने भी गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले दीपिका ने शानदार फ्लिक से सातवां गोल किया।

- सेमीफाइनल में कोरिया से मुकाबला

डेकाथलन : तेजस्विन ने जीता कांस्य पदक

भारतीय ट्रैक एवं फील्ड क स्टार खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता की अंतिम स्पर्धा 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज करके यह पदक हासिल किया। तेजस्विन ने 7,934 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने 100 मीटर, लंबी कूद, गोला फेंक, ऊंची कूद और 400 मीटर में शानदार प्रदर्शन के दम पर पहले दिन 4,338 अंक जुटाए थे और दूसरे दिन की शुरुआत शीर्ष स्थान से की थी। दो दिन में हुई 10 स्पर्धाओं में तेजस्विन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिर के लिए बचाकर रखा। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ चार मिनट 33.09 सेकेंड में पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। इस साल की शुरुआत में उन्होंने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भी कांस्य पदक जीता था।

पहला वनडे 8 विकेट से जीता

कुलदीप 4 विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

कोहली और गिल के शतक से भारत ने वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (नाबाद 139 रन) और कप्तान शुभमन गिल (110 रन) ने 50 ओवर के प्रारूप में अपनी महारत का प्रदर्शन करते हुए शानदार शतक जड़े जिससे भारत ने रविवार को यहां पहले वनडे में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। कोहली ने अपनी नाबाद पारी के दौरान 10 चौके और नौ छक्के जड़े। उन्होंने और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 150 रन जोड़कर मेजबान टीम को 296 रन का लक्ष्य 41.4 ओवर में दो विकेट पर 300 रन बनाकर हासिल करने में मदद की। वेस्टइंडीज के लिए भी जस्टिन ग्रीव्स (101 रन) ने शतक जड़ा लेकिन कुलदीप यादव के शानदार चार विकेट के स्पेल से पहले ही यह फीका पड़ गया। गिल ने अपना 10वां वनडे शतक जड़ा जबकि कोहली ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को धुनते हुए अपना 55वां शतक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 86वां शतक पूरा किया। इसके अलावा कोहली वनडे में सचिन तेंदुलकर के बाद 15000 रन बनाने वाले इतिहास के दूसरे बल्लेबाज भी बन गए। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (32 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन बनाने के बाद कोहली के साथ गिल की पारी और निखर गई। गिल ने 11 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया।

स्थानापन्न खिलाड़ी कीमो पॉल ने जेडन सील्स की गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया जिसके बाद भारतीय कप्तान ने 49 गेंदों में 50 रन बनाए और अगले 50 रन 47 गेंदों में पूरे किए। इस दौरान कई खूबसूरत शॉट्स की फेहरिस्त देखने को मिली जिसमें अल्जारी जोसफ की गेंदों पर स्क्वायर कट और कवर के बीच, सील्स की गेंद पर स्क्वायर कट और स्पिनर गुडाकेश मोती के खिलाफ छक्के और चौके शामिल रहे।

आज अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया की भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| निशिन

श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का सामना एशियाई खेलों के पहले मैच में सोमवार को अफगानिस्तान से होगा और जापान के हालात में जल्दी ढलने की चुनौती टीमों के सामने रहेगी।

कोरोगी स्पोटर्स पार्क पर ही महिला वर्ग की स्पर्धा हुई थी, जिसमें भारत ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय क्रिकेटर तोक्यो से नागोया बुलेट ट्रेन से पहुंचे हैं और सफर का पूरा मजा लिया।

अफगानिस्तान टीम में 6 नए खिलाड़ी

हाल ही में दिल्ली में भारत के हाथों श्रृंखला में बुरी तरह पराजित हुई अफगानिस्तान टीम दारविश रसूली की कप्तानी में नए खिलाड़ियों को लेकर आई है। टीम में छह खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहली बार खेलेंगे। भारत अभियान की शुरुआत क्वार्टर फाइनल से करेगा जबकि अफगानिस्तान नेपाल के खिलाफ एक मैच खेल चुका है, जिसमें उसे पराजय मिली। पहले मैच में उसने जापान को हराया था।

मैच का समय : सुबह 10 बजे से।

24 घंटे में 3-3 मैच, शेड्यूल पर भड़की सिंधू

नागोया। पीवी सिंधू ने रविवार को 24 घंटे के भीतर तीन एकल मुकाबले खेलने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एशियाई खेलों का व्यस्त कार्यक्रम अच्छी तरह व्यवस्थित नहीं था और खिलाड़ियों को उरबने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। सिंधू को शनिवार को दो मुकाबले खेलने थे, जिसमें से दूसरा मैच आधी रात के बाद खत्म हुआ। इसके बाद उन्हें रविवार को चीन की चेन यूफेई के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए कोर्ट पर उतरना पड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इससे पहले किसी बड़े टूर्नामेंट में कभी एक दिन में दो मैच खेले हैं।

यूथ टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम सिर्फ 217 रन पर हुई ढेर

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने रविवार को निरंजन शाह स्टेडियम में जारी अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम को सिर्फ 217 रन पर ढेर कर दिया।

इसके बाद दिन की समाप्ति तक भारतीय खेमे ने बगैर कोई विकेट गंवाए 8 रन बना लिए हैं। चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में सिर्फ 217 रन ही बना सकी। इस टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

आलम ये रहा कि 27 के स्कोर तक 3 विकेट गिर गए थे, जिसके बाद ब्लेक केटल ने जेड हॉलिक के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 174 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

ईशान की शानदार गेंदबाजी

मेजबान टीम से ईशान ओम ने 24.5 ओवरों में 53 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए, जबकि मोहित ने 3 विकेट चटकाए। इनके अलावा, कप्तान यशबर्धन चौहान को 2 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में, पहले दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम ने महज 1 ओवर का सामना किया। केसी बार्टन के ओवर की सभी गेंदें लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने खेलीं, जिन्होंने 2 चौकों के साथ 8 रन बनाए। भारत की अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' कर चुकी है। मेजबान टीम अब टेस्ट सीरीज में भी क्लीन स्वीप के इरादे से उतरी है, जिसका दूसरा और अंतिम मैच 5 अक्टूबर से अहम खेला जाएगा।

बारिश नहीं बिगाड़ पाएगी भारत की चुनौतीः अय्यर

नागोया। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश, सीमित अभ्यास और असहज तैयारी उनकी टीम के सामने बहाने नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि एक पेशेवर टीम को अपने सामने आने वाली किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। नागोया में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश ने कहर बरपाया है, जिससे नॉकआउट चरण के लिए भारत की तैयारियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अय्यर ने कहा, 'हम बारिश को वजह नहीं बता सकते क्योंकि हम पेशेवर खिलाड़ियों का एक समूह हैं।

ग्रीव्स और कैंपबेल के बीच 135 रन की ओपनिंग साझेदारी

32 साल के ग्रीव्स ने ठोका पहला वनडे शतक

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला केरल के तिरुवनंतपुरम में जारी है। इस मैच के लिए मैदान में आते ही वेस्टइंडीज के धाकड़ सलामी बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स ने शानदार शतक जड़ा। ग्रीव्स ने 32 साल की उम्र में वनडे करियर का पहला शतक जड़ा और इसके साथ ही वह भारत के खिलाफ सबसे अधिक उम्र में वनडे शतक जमाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बैटर बन गए हैं। जबकि 32 साल की उम्र में पहला वनडे शतक जड़ने वाले वो छठे कैरेबियाई बैटर बन गए हैं।

वेस्टइंडीज के लिए सबसे अधिक उम्र में वनडे शतक जमाने वाले बैटर

- 36 साल 57 दिन क्लेटन लैम्बर्ट
- 33 साल 246 दिन शमर ब्रूक्स
- 32 साल 213 दिन जस्टिन ग्रीव्स
- 32 साल 154 दिन ट्रैविस डाउलिन



जस्टिन ने संभाल मोर्चा

वेस्टइंडीज के लिए ओपनिंग करने जस्टिन ग्रीव्स आए और उन्होंने जॉन कैंपबेल के साथ शानदार तरीके से पारी को आगे बढ़ाया। कैंपबेल और ग्रीव्स ने मिलकर केरल के मैदान पर पैर जमाए और शुरुआत में विकेट नहीं दिए। इन दोनों के बीच ओपनिंग में 135 रन की साझेदारी हो चुकी थी। तभी पारी के 20वें ओवर में गेंदबाजी करने आए कुलदीप यादव ने दूसरी गेंद पर कैंपबेल का शिकार किया और भारत को पहली सफलता दिलाई। कैंपबेल 60 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 62 रन बनाकर चलते बने। लेकिन ग्रीव्स ने मोर्चा संभाले रखा और अपने वनडे करियर का पहला शतक जमाया। ग्रीव्स ने 104 गेंद में 12 चौके से करियर का पहला शतक पूरा किया। लेकिन इसके तुरंत बाद वो आउट होकर चलते बने और 108 गेंद में 12 चौके से उनके नाम 101 रन पर उनकी पारी समाप्त हो गई।

कुलदीप का शिकार बने जस्टिन

ग्रीव्स ने वेस्टइंडीज के लिए काफी देर से 28 साल की उम्र में वनडे डेब्यू किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक ग्रीव्स 25 वनडे मैच खेल चुके हैं और उन्होंने अपने करियर के 26वें वनडे मैच में पहला शतक जमाया,जिसके चलते 32 साल की उम्र से अधिक समय बाद भारत के खिलाफ वनडे शतक जमाने वाले वो पहले कैरेबियाई बैटर बन गए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com

Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

- कहां से चला- ओडिशा के पारादीप पोर्ट
- कहां जाएगा- लखीमपुर खीरी के कुंभी गांव(बलरामपुर चीनी मिल यूनिट)
- कितने राज्यों से निकलेगा- 4 राज्य(ओडिशा, झारखंड, बिहार और यूपी)
- कितने शहरों से गुजरेगा- रोहतास, गया, औरंगाबाद, कैमूर
- कहां तक पहुंचा- उत्तर प्रदेश के चंदौली और वाराणसी
- पारादीप पोर्ट से बलरामपुर की 1,500 किमी का सफर
- अब तक 2 करोड़ का डीजल खर्च
- ट्रेलर की लंबाई करीब 100 फीट, इसके ऊपर रखी
- मशीन करीब 8 मीटर ऊंची और 7 मीटर चौड़ी

308 पहियों वाला 'महाबली ट्रक': 200 टन की मशीन लेकर ओडिशा से यूपी का सफर, चलता-फिरता इंजीनियरिंग का अजूबा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

308 पहियों वाला एक विशाल मल्टी-एक्सल ट्रेलर इन दिनों उत्तर प्रदेश में लोगों के कौतूहल का केंद्र बना हुआ है। करीब 200 टन वजनी भारी मशीन को लेकर चल रहा यह मेगा ट्रेलर ओडिशा के पारादीप पोर्ट से लखीमपुर खीरी के कुंभी की ओर बढ़ रहा है। इसकी रफ्तार इतनी कम है कि यह दिनभर में करीब 10-20 किलोमीटर ही चल पा रहा है। रास्ते में पुल, फुटओवर ब्रिज, बिजली के तार और सड़क की चौड़ाई जैसी कई चुनौतियां सामने आ रही हैं।

यह कोई सामान्य ट्रक नहीं है. यह एक मल्टी-एक्सल हेवी-हॉल ट्रेलर है, जिसे बहुत भारी और बड़े आकार के औद्योगिक उपकरणों को सड़क मार्ग से ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस पर 308 पहिए लगाए गए हैं ताकि भारी मशीन का वजन बड़ी संख्या में पहियों और एक्सल पर बांटा जा सके। इससे सड़क पर पड़ने वाला भार नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ट्रेलर की लंबाई करीब 100 फीट बताई गई है।

ये है महाबली ट्रक

रास्ते में पुल सबसे बड़ी चुनौती

इस महाबली ट्रक का सफर आसान नहीं है. इसके साथ 20 से 25 लोगों की एक तकनीकी टीम (इंजीनियर, मैकेनिक, सुपरवाइजर) 24 घंटे चलती है। हाल ही में यह ट्रक जब उत्तर प्रदेश के वाराणसी और चंदौली इलाके से गुजरा, तो वाराणसी रिंग रोड पर एक फुट-ओवर ब्रिज इसके रास्ते का रोड़ा बन गया। मशीन की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि वह पुल के नीचे से नहीं निकल सकती थी। इसका समाधान भी इंजीनियरिंग के जरिए निकाला गया। दो विशालकाय हाइड्रोलिक क्रेनों की मदद से ब्रिज के एक हिस्से को हवा में उठाया गया और फिर इस 308 पहियों वाले ट्रेलर को धीरे-धीरे उसके नीचे से निकाला गया। रास्ते में पड़ने वाले कई टोल प्लाजा और बिजली के तारों को भी अस्थाई रूप से हटाना पड़ता है।

तकनीकी टीम भी चल रही है साथ

इसके ऊपर रखी मशीन करीब 8 मीटर ऊंची और 7 मीटर चौड़ी बताई जा रही है। इतने बड़े और भारी कार्गो को केवल एक सामान्य ट्रक की तरह नहीं खींचा जा रहा है। इस काफिले में दो क्रेन, अतिरिक्त ट्रेलर और बड़ी तकनीकी टीम भी साथ चल रही है। चालक के मुताबिक अब तक करीब 2 करोड़ रुपये के डीजल खर्च होने की बात सामने आई है। हालांकि, डीजल खर्च का यह आंकड़ा चालक के हवाले से है और इसकी स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

खबर संक्षेप

पूर्वी कांगो में नाव पलटी 12 लोगों की मौत

बुकावु। कांगो की किवु झील में व्यापारियों को ले जा रही एक नाव पलट गई, जिससे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, नाव में 50 से अधिक लोग सवार थे और यह शनिवार रात किवु प्रांत के इडजवी इलाके से गुजरते समय अचानक पलट गई। दुर्घटनास्थल के पास स्थित किशेके गांव के मुखिया फेलिक्स हबिरागी ने बताया कि लगभग 15 लोगों को बचा लिया गया है।

ओपन एआई ने नवीन मॉडलों का प्रशिक्षण रोका

न्यूयॉर्क। एआई के क्षेत्र में काम करने वाली तथा चैटजीपीटी की निर्माता कंपनी ओपनएआई ने कहा है कि उसने अपने नवीनतम एआई मॉडलों का प्रशिक्षण रोक दिया है। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब एआई एजेंटों के नियंत्रण से बाहर होकर काम करने की घटनाएं बढ़ रही हैं। एआई एजेंट एक सॉफ्टवेयर प्रणाली है, जो उपयोगकर्ता की ओर से लक्ष्य हासिल करने और काम पूरे करने के लिए एआई का इस्तेमाल करते हैं।

राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर रक्षा इकोसिस्टम को बताया देश की जरूरत

डिफेंस समिट 2026 में बोले रक्षा मंत्री-चिप से लेकर हथियार तक आत्मनिर्भरता है जरूरी

भारतीय युवा एआई, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा पर कार्यरत

भारत के युवा भविष्य के युद्धों के लिए तकनीक तैयार कर रहे हैं, आगे बढ़े हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को घरेलू रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत और महत्वपूर्ण तकनीकों पर अधिक नियंत्रण हासिल करना होगा, जिससे तेजी से जटिल होते वैश्विक सुरक्षा माहौल में रणनीतिक स्वायत्तता हासिल की जा सके। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक निजी चैनल का के कार्यक्रम डिफेंस समिट 2026 को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने आज रविवार को कहा कि देश का दृष्टिकोण एक सरल सोच से निर्देशित है। भारत में जो भी चीज बनाई जा सकती है, उसका देश में ही उत्पादन किया जाए और आयात पर निर्भरता कम की जाए। उन्होंने कहा, चिप से लेकर जहाजों तक, स्क्रू से लेकर पूरी हथियार प्रणालियों तक, यही भारत को रणनीतिक स्वायत्तता की ओर ले जाएगा।

रक्षा मंत्री के संबोधन की खास बातें

- भारत का दृष्टिकोण सरल जो कुछ देश में बनाया जा सके, उसका आयात न किया जाए
- स्वदेशी डिजाइन, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकास पर बल
- रक्षा आपूर्ति श्रृंखला पर नियंत्रण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम
- हाल के वर्षों में संरचनात्मक व परिवर्तनकारी सुधारों से क्षेत्र को मिली गति
- हम केवल वर्तमान जरूरतें नहीं, भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं
- जी से 5जी तकनीक की तरह युद्ध भी 5वीं पीढ़ी में प्रवेश कर चुका
- एआई, क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियां और साइबर सुरक्षा अब युद्ध का अभिन्न हिस्सा
- भारत स्वदेशी क्वांटम तकनीकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा

स्वदेशी डिजाइन हो रही तैयार

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिजाइन, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप तकनीक विकसित करने को आवश्यक बताया।उन्होंने कहा कि रक्षा आपूर्ति श्रृंखला के महत्वपूर्ण घटकों का निर्माण और उन पर नियंत्रण रखने की भारत की क्षमता राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत किया

सिंह के अनुसार, दीर्घकालिक रक्षा तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों में महारत हासिल करना और पूरे विनिर्माण इकोसिस्टम में अधिक आत्मनिर्भरता जरूरी होगी। हाल के नीतिगत कदमों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करने के लिए संरचनात्मक और परिवर्तनकारी सुधार किए हैं, जिससे पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण गति मिली है। उन्होंने कहा, हम केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करने तक सीमित नहीं हैं, हम आत्मनिर्भर हैं और भविष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे हैं। दूरसंचार क्षेत्र में 2जी से 5जी तकनीक तक के विकास की तुलना करते हुए सिंह ने कहा कि युद्ध भी पांचवीं पीढ़ी के चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां उन्नत तकनीक सैन्य क्षमताओं और युद्ध के परिणामों को तेजी से प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, स्वायत्त प्रणालियां और साइबर सुरक्षा आधुनिक युद्ध का अभिन्न हिस्सा बनती जा रही हैं। सिंह ने कहा कि भारत स्वदेशी क्वांटम तकनीकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है और साथ ही उभरते रक्षा नवाचारों को समर्थन देने के लिए जरूरी नीतिगत ढांचे को भी मजबूत कर रहा है।

ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स तैयार कर रहे युवा

रक्षा मंत्री ने तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने में भारत के युवाओं की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा भारतीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन तकनीक, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा समाधान और स्वायत्त प्रणालियों पर काम कर रहे हैं और देश की भविष्य की रक्षा तैयारियों में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के युवा अब केवल भविष्य की नौकरियों की तैयारी नहीं कर रहे हैं। वे भारत के भविष्य के युद्धों के लिए तकनीक तैयार कर रहे हैं।

धमकी के चलते एहतियात बरत रहा ब्रिटिश

ब्रिटेन में अमेरिकी बेस के नजदीक मिला विस्फोटकों का जखीरा, कई गांव खाली कराए

एजेंसी ▶▶ लंदन

ग्लॉस्टरशायर स्थित आरएएफ फेयरफोर्ड बेस के निकट कई गांवों को विस्फोटकों की आशंका के चलते खाली करा दिया गया है। यह बेस यूरोप में एकमात्र ऐसा ठिकाना है जहां अमेरिका अपने भारी बमवर्षक विमान तैनात रखता है। स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह निकासी ईरान की हालिया धमकी से जुड़ी है या नहीं, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर दिखा दिया कि दूसरे देशों के सैन्य टकराव की तैयारियां किस तरह स्थानीय नागरिकों के जीवन को प्रभावित करती हैं।

- **बीते मार्च में यहां बी-1 लैंसर और बी-52 स्ट्रेटोफोर्ट्रेस सहित 21 बमवर्षक विमानों का जमावड़ा हुआ था**

विदेशी सेनाओं की तैनाती ने बढ़ाई चुनौती

फेयरफोर्ड जैसे सैन्य ठिकानों की मौजूदगी जहां स्थानीय अर्थव्यवस्था को सहारा देती है, वहीं यह अंतरराष्ट्रीय तनाव के केंद्र में आने का जोखिम भी साथ लाती है। विदेशी सेनाओं को अपनी धरती पर ठिकाने देना ब्रिटेन के लिए संप्रभुता और सुरक्षा के बीच संतुलन साधने की चुनौती बन गया है। स्टारमर के यू-टर्न ने इस बहस को और तेज कर दिया है कि आखिर ब्रिटिश सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल कितना रक्षात्मक है और कितना आक्रामक। फिलहाल जांच जारी है और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। गांववासी सामान्य जनजीवन बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं।

यमन: हवाई हमले में सात की मौत

सना। यमन में रविवार को एक हवाई हमले में 7 लोगों की मौत हो गई है। हूती स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इनमें बच्चे भी शामिल हैं। साथ ही, 40 लोग घायल हुए हैं। हमले में ताइज प्रांत के एक बाजार की दुकानों को निशाना बनाया गया। रॉयटर्स के मुताबिक यमन की सरकार ने कहा कि उसकी सेना ने हूती सैन्य कैंप और वाहनों को निशाना बनाते हुए यह हमले किए। रॉयटर्स ने यमनी सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि हूती विद्रोहियों ने हाल ही में बाजार के पास एक सैन्य कैंप बनाया था। पिछले 2 महीने में फिर तेज हुए यमन संघर्ष में नागरिकों समेत 700 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व पर दिया जोर

गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

प्रधानमंत्री मोदी की एनर्जी लीडरशिप के मुरीद हुए ऑस्ट्रेलियाई पीएम अल्बानीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फाइल फोटो

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में भारत में ऊर्जा पहुंच बढ़ाने की कोशिशों की जमकर तारीफ की है।

एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के एक कार्यक्रम में बोलते हुए अल्बानीज़ ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में भारत ने बड़ी संख्या में लोगों तक ऊर्जा की पहुंच सुनिश्चित की है। उन्होंने मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में भी बताया जिनके साथ ऑस्ट्रेलिया ने मजबूत साझेदारी बनाई है। अल्बानीज़ की यह टिप्पणी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है, खासकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होने वाली शिपिंग में रुकावटों के चलते। भारत ने अपनी एनर्जी सिक्योरिटी मजबूत करने के लिए आयात स्रोतों का दायरा बढ़ाया है। पीएम मोदी के मुताबिक भारत अब 41 देशों से कच्चा तेल, एलएनजी और एलपीजी आयात करता है, जबकि पहले यह संख्या केवल 27 थी। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष ने इस डाइवर्सिफिकेशन रणनीति को और अहम बना दिया है। संसद में मोदी ने कहा था कि आयात स्रोतों का विस्तार किसी एक सप्लायर या क्षेत्र पर निर्भरता घटाने की कोशिश का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में 5.3 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार किया है, जिसे 6.5 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ाया जा रहा है।

मजबूत होंगे भारत-कनाडा संबंध

जयशंकर-आनंद की मुलाकात पीएम मोदी भी कनाडा जाएंगे!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की अपनी समकक्ष अनीता आनंद के साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर सार्थक वार्ता करने के बाद कहा कि भारत और कनाडा अपने संबंधों को नयी ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आनंद से मुलाकात हमेशा सुखद रहती है और संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की तैयारी के बीच सार्थक चर्चा हुई। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि पीएम मोदी संभवतः दिसंबर के आसपास कनाडा का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत के साथ व्यापार वार्ता में अच्छी प्रगति हो रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर 70 अरब कनाडाई डॉलर सालाना तक पहुंचाना है। जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर रिश्तों में भारी गिरावट आई थी, जिसे भारत ने खारिज किया था।

चेतावनी के बाद भी रुके रहे पर्वतारोही

कई दिनों से हो रही थी भारी बर्फबारी

नेपाल के मनांग जिले में हिमस्खलन दो लोगों की मौत, 10 अभी लापता

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल इन दिनों लगातार बदलते मौसम के कारण प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। नेपाल के मनांग जिले में रविवार को हिमलुंग हिमाल चोटी पर हिमस्खलन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नार फू क्षेत्र में 7,126 मीटर ऊंची हिमलुंग हिमाल चोटी के आधार शिविर में आए हिमस्खलन से एक तंबू दब गया, जहां नौ पर्वतारोही और 13 सहयोगी कर्मचारी ठहरे हुए थे। घटना के बाद करीब 12 लोग लापता हो गए थे। पुलिस ने बताया कि बाद में चोटी पर दो लोगों के शव मिले, जबकि 10 अन्य अब भी लापता हैं।

बैंकॉक में बाढ़ से गाड़ियां डूबीं 50 जिले में इमरजेंसी घोषित

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भारी बारिश के बाद बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। सड़कों पर पानी भरने से गाड़ियां डूब गईं और बसों में भी पानी घुस गया। प्रशासन ने शहर के सभी 50 जिलों में इमरजेंसी घोषित की है।

बारूदी सुरंगों की तलाश के दौरान मिली पनडुब्बी

ईरान ने पकड़ी अमेरिकी ड्रोन पनडुब्बी, जासूसी का पर्दाफाश



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना के एक ऑटोनॉमस अंडरवाटर व्हीकल (ड्रोन पनडुब्बी) को पकड़ा है, जिसका नाम रीमस 600 है। ईरानी मीडिया के मुताबिक यह ड्रोन ईरान द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों का पता लगाने के लिए जासूसी कर रही थी। ईरानी नौसेना ने इसकी गतिविधियों को ट्रैक किया और वापस लौटने से पहले ही इसे पकड़ लिया। इसे अमेरिकी नौसेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जिससे होर्मुज को वैश्विक नौवहन के लिए खोलने की अमेरिकी कोशिशों पर भी असर पड़ सकता है।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने इस एडवांस्ड सबमर्सिबल को पकड़ लिया है और अब इससे जानकारी निकालने के लिए विशेषज्ञों को सौंपा गया है।

विहिप के पूर्व कार्याध्यक्ष सिंघल की जन्मशताब्दी मनेगी

शाह और होसबाले ने किया जन्मशताब्दी का आगाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विहिप के पूर्व कार्याध्यक्ष अशोक सिंघल की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद ने वर्ष भर चलने वाले विश्व व्यापी कार्यक्रमों की घोषणा की है। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि रविवार से सिंघल के प्रेरणादायी जीवन, उनके दूरदर्शी चिंतन तथा समाज के प्रति अतुलनीय योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा व कृतज्ञता अर्पित की जाएगी। इंद्रप्रस्थ में विहिप व सिंघल फाउंडेशन द्वारा वर्ष के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया।

साल भर होंगे कार्यक्रम

भारत मंडपम में सजेगा मंच

महामंडलेश्वर परमानंद गिरि का रहेगा सान्निध्य

भारत मंडपम में महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज का सान्निध्य रहेगा तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले अति विशिष्ट रहे।

विहिप ने कहा- उनके संकल्पों को गति मिलेगी

विहिप ने सिंघल जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले विश्व व्यापी कार्यक्रमों की घोषणा की है। केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं क्षेत्रीय गोरक्षा प्रमुख डॉ. राजकमल गुप्ता ने बताया सिंघल के जीवन और समाज के प्रति उनके योग दान पर आधारित कार्यक्रम भारत मंडपम में हुआ। उन्होंने उम्मीद जताई जैसे अयोध्या धाम की मुक्ति के बाद इस वर्ष काशी और मथुरा की मुक्ति के उनके संकल्प को गति मिलेगी।

प्रयागराज में किया हवन और दीप प्रज्वलन

प्रयागराज में राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेता रहे सिंघल की जयंती की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) काशी प्रांत की ओर से शनिवार को कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। काशी विश्वनाथ मंदिर में अभिषेक के बाद यमुना बैंक रोड स्थित प्रेरणास्थल पर सिंघल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान हवन का कार्यक्रम भी किया गया।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी, महिपाल खोलेंगे कई राज

अयोध्या। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 36,039 पन्नों के आरोप पत्र और 133 गवाहों की सूची दाखिल होने के बाद अब गवाहों की गवाही मुकदमे की अहम कड़ी होगी। इनमें ट्रस्ट के पूर्व लेखा प्रभारी महिपाल सिंह और महासचिव चंपत राय के बयान पर विशेष नजर रहेगी। सिंह ट्रस्ट के लेखा प्रभारी रहे थे। कई राज खुल सकते हैं।